
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 11 | अंक : 328 | लखनऊ, 19 नवम्बर, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


सोशल बनिए हैप्पी रहिए.......


बदलते मौसम में जरूरी बालों......

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**
सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
संसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10

## पीएम ने गुलामी की मानसिकता का जिक्र कर कांग्रेस पर किया हमला

# ऑडियंस में बैठे सुनते रहे थरूर, कुछ अंश साझा कर जमकर तारीफ भी की

थरूर बोले पीएम अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देंगे

### मोदी ने कहा-6 राजनीतिक दल सामाजिक न्याय पर केवल अपने हित साध रहे

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान गुलामी की मानसिकता का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। रामनाथ गोयनका व्याख्यान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 6 राजनीतिक दल और नेता सामाजिक न्याय के नाम पर केवल अपने हित साधते हैं। कांग्रेस सरकारों ने 'अर्बन नक्सलियों' को शीर्ष पद दिए। 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' अब भी राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर रही है। इस कार्यक्रम की ऑडियंस में कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी के भाषण के कुछ अंश साझा करते हुए सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। हालांकि भाषा को लेकर उन्होंने इतना जरूर कहा कि उम्मीद है प्रधानमंत्री अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देते होंगे।


प्रधानमंत्री से मिलते कांग्रेस सांसद शशि थरूर। फाइल फोटो

#### रचनात्मक विकास पर बल दिया

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुलामी की मानसिकता से निकलने और रचनात्मक विकास पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक मॉडल है। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में जिक्र किया कि लोग आरोप लगाते हैं कि वह हमेशा चुनाव के मूड में ही रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। लोगों की समस्याओं को लेकर मैं भावनात्मक मूड में रहता हूं।

#### 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर

थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के लिए भारत की 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर दिया है और उन्होंने 'उपनिवेशवाद के बाद वाली मानसिकता' से बाहर निकलने का आह्वान किया है। साथ ही संस्कार पर भी ध्यान देने की बात कही है।

#### भारत उभरता हुआ मॉडल

थरूर ने कहा कि पीएम ने जोर दिया कि भारत अब केवल एक 'उभरता हुआ बाजार' नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक 'उभरता हुआ मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन पर हर समय 'चुनावी मोड' में रहने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन वे समस्याओं के समाधान के लिए 'भावनात्मक मोड' में थे।

### पीएम ने अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने की बात कही

थरूर ने कहा कि इस भाषण का अहम हिस्सा यह था कि पीएम मोदी ने मैकॉले के 200 साल के थोपी गई गुलामी की मानसिकता से निकलने और 10 साल अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने में लगाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिया होगा कि रामनाथ गोयंका ने कैसे अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रवाद की आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण आर्थिक परिदृश्य, सांस्कृतिक आह्वान और अथक परिश्रम की प्रेरणा से ओतप्रोत था।


#### भारत उम्मीद का मॉडल

पीएम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद हमारी जीडीपी लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। भारत न केवल एक उभरता हुआ बाजार है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल भी है। दुनिया भारत के विकास मॉडल को 'उम्मीद के मॉडल' के रूप में देख रही है।

आज का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए व्यग्र है, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों का कल्याण करने के लिए व्यक्ति को भावनात्मक होकर काम करना चाहिए, चुनाव को ध्यान में रखकर नहीं। हम चुनाव जीतते हैं क्योंकि हम विकास और कल्याण के लिए चौबीस घंटे प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने लंबे समय तक आयातित विचारों, वस्तुओं और आयातित सेवाओं को बढ़ावा दिया गया लेकिन हमने वह सब बदल दिया है।

## नाराजगी या फिर कोई और रहा कारण

# 'एसआईआर' पर कांग्रेस की बैठक में ही नहीं पहुंचे थरूर



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के 12 राज्यों में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने वाली है, जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस के उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एआईसीसी महासचिव और प्रभारियों समेत वरिष्ठ नेता शामिल हुए, जहां चुनाव आयोग एसआईआर करने वाली है। कांग्रेस की इस अहम बैठक से पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद शशि थरूर गायब रहे। कांग्रेस के आला कमान की ओर से थरूर को भी इस महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। थरूर के कार्यालय ने बैठक से उनकी अनुपस्थिति के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया।


#### रणनीति बनाने समीक्षा बैठक थी आहूत

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों



में होने वाले एसआईआर पर व्यापक रणनीति बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, इंचार्जों, पीसीसी, सीएलपी और सचिवों के साथ मिलकर व्यापक रूप से समीक्षा की गई। वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र को खत्म कर रहा है. राज्यों के वोटर लिस्ट से कुछ सेक्शन का वोट जानबूझकर काटा जा रहा है, ये पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक है।

#### 'सर' की शुद्धता के लिए कांग्रेस प्रतिबद्धः खरगे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर इस बैठक को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची की शुद्धता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत इस बात का सबूत देना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है और उसे अपनी संवैधानिक शपथ और देश की जनता के प्रति अपनी निष्ठा याद है।

## खबर संक्षेप

### बीड में 31 बंधुआ मजदूरों को बचाया


बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में बंधुआ मजदूरी कर रहे 31 लोगों



को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए सभी लोग जलगांव जिले के रहने वाले हैं और जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इनसे बीड के मजलगांव तालुका में पिछले तीन महीनों से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी और धमकाया जा रहा था।

### भट्ट, पत्नी पर 30 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर विक्रम भट्ट का नाम इस समय विवादों में बना हुआ



है फिल्ममेकर, उनकी वाइफ श्वेतांबरी भट्ट और 8 अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने उदयपुर के डॉक्टर से करीब 30 करोड़ की ठगी की। अब भूपालपुरा पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फिल्मों में पैसा लगाने को कहा था।

### 2 बसें टकराईं, एक की मौत और 35 घायल

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित ईसानगर



थाना क्षेत्र के रंजीत नगर पुल पर शिमला जा रही मिनी बस की सामने से आ रही दूसरी बस से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बसों में सवार करीब 35 यात्री घायल हो गए। एक नेपाली नागरिक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।


## किसानों का इंतजार खत्म

# आज पीएम किसान 21वीं किस्त का पैसा जारी करेंगे प्रधानमंत्री

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त की तारीख तय हो गई है। लंबे समय से 21वीं किस्त के पैसों का इंतजार कर रहे देशभर के करोड़ों किसानों के लिए आखिरकार खुशखबरी आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर 2 बजे तमिलनाडु से देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,000 करोड़ ट्रांसफर करेंगे। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के जरिए हर पात्र किसान को 2,000 रुपए मिलेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि पीएम तमिलनाडु के कोयंबटूर में होने वाले एक कार्यक्रम में पीएम किसान की



21वीं किस्त जारी करेंगे। 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को 6,000 रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सरकार ने पहले ही 4 राज्यों पंजाब, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के खाते में 21वीं किस्त जारी कर दी है। किसानों को इसका इंतजार है।

## ट्रायल रन रहा सफल

# 180 किमी के रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन ने दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह नई ट्रेन बीईएमएल द्वाराआईसीएफ टेक्नॉलाजी का इस्तेमाल करके विकसित की गई है।

इस नई सेमी-हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन से पूरे भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में बड़े बदलाव आने की उम्मीद है। परीक्षणों के दौरान आरडीएसओ ने तीन रेलवे जोन में 16-कोच वाले प्रोटोटाइप स्लीपर रेक-2 पर कई गति पर विस्तृत ऑसिलेशन ट्रायल और आपातकालीन ब्रेकिंग डिस्टेंस



परीक्षण किए। इस रेलवे जोन में उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे शामिल है।अब ध्यान अगले चरणों पर केंद्रित है, जिसमें ट्रेन के आधिकारिक लॉन्च के लिए मंजूरी और तैयारी शामिल है। दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का परीक्षण पूरा होने के बाद,ट्रेन को परीक्षण के दौरान पहचाने गए आवश्यक सुधारों और समायोजनों के लिए बीईएमएल वापस भेजा जाएगा।

## भाजपा ने किया किसी भी मतभेद होने की खबरों का खंडन

# कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए शिवसेना के मंत्रीगण, सिर्फ उपमुख्यमंत्री शिंदे बैठे रहे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति के अंदर कलह की खबरें हैं। महायुति सरकार के अधिकांश शिवसे के खेमे के मंत्री मंगलवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक से दूर रहे। मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में केवल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे। भाजपा ने गठबंधन में किसी भी तरह के मतभेद होने की खबरों का खंडन किया है। शिवसेना खेमे के मंत्री इसलिए दूर रहे ताकि वे भाजपा को संदेश दे सकें कि जैसा हो रहा है, वह स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोनों में रार बीएमसी चुनाव से पहले शुरू हुई है। डोंबिवली में कई शिवसैनिक हाल ही भाजपा में शामिल हो गए थेस जिसे लेकर शिवसेना में नाराजगी है।


बैठक में बोलते हुए सीएम फडणवीस

#### शिवसेना को फडणवीस की दो टूक

इस पूरे प्रकरण को लेकर शिवसेना के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके कक्ष में मुलाकात की और डोंबिवली के घटनाक्रम पर अपनी नाराजगी जताई। इस पर फडणवीस ने कहा कि पड़ोसी उल्हासनगर में भाजपा सदस्यों को सबसे पहले शिवसेना ने ही अपने पाले में शामिल किया था। मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर शिवसेना नेताओं से कहा कि जब उनकी पार्टी अन्य सहयोगियों के सदस्यों को अपने पाले में लेती है, तो भाजपा द्वारा ऐसा करने पर उन्हें शिकायत नहीं करनी चाहिए।

## सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया, सघन तलाशी ली


# दिल्ली के 4 कोर्ट और 2 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली की कई जिला अदालतों में मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था। बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की।

#### साकेत कोर्ट में अलर्ट

सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल



दिल्ली का पटियाला कोर्ट

सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे। सूचना में सभी सदस्यों से शांत रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अनावश्यक भीड़ या अफरा-तफरी न मचाने का अनुरोध किया गया था।


## रोहिणी के 'दर्द' ने एक बार फिर मचाया बिहार में बवाल

# एक बोतल रक्तदान में खून सूखा, संजय उपदेश दे रहे

### किडनी डोनेशन पर बोलीं- वे बेकार की हमदर्दी न जताएं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। उन्होंने अपने पिता के किडनी डोनेशन को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब सोशल मीडिया पर दिया है। उन्होंने तेजस्वी यादव के करीबी राज्यसभा सांसद संजय यादव को लेकर भी कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने संजय यादव और उनसे जुड़े लोगों को चुनौती दी है कि एक बोतल रक्तदान में जिनका खून सूख जाता है,



वह किडनी दान पर उपदेश दे रहे हैं। रोहिणी ने कहा कि जो लोग लालू जी के नाम पर कुछ करना चाहते हैं, उन्हें झूठी हमदर्दी जताने के बजाय हॉस्पिटल में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे उन लाखों-करोड़ों गरीब लोगों, जिन्हें किडनी की जरूरत है, उन्हें अपनी किडनी देने के लिए आगे आना चाहिए।

### कांग्रेस ने 43 नेताओं को नोटिस दिया


बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है। चुनावी को दौरान इन नेताओं ने मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए थे, जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी नेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 21 नवंबर तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

#### कांग्रेस के छह विधायक जेडीयू में शामिल होंगे

भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को मीडिया से संवाद के दौरान कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर कड़ा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 6 विधायक जल्द ही जदयू में शामिल हो सकते हैं और कांग्रेस संगठन उन्हें रोक पाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि उनको तो रोक लें गहलोत, अगर रोक सकते हैं।

#### गहलोत अपनी राजनीति बिहार में आजमाएं

अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आड़े हाथों लेते हुए



कहा कि राजस्थान में जिस तरह वे 'विधायक बचाने' की राजनीति करते थे, अब वही उन्हें बिहार में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गहलोत यह स्वीकार कर लें कि कांग्रेस आज जिस स्थिति में पहुंची है, वह उसकी खुद की विफलताओं का परिणाम है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर डिप्टी सीएम ने निकाली पदयात्रा

लखनऊ। लखनऊ कैंट विधायक व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में मंगलवार सुबह 11 बजे श्रृंगार नगर संत निरंकारी भवन से सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी फॉर रन के तहत पदयात्रा निकाली गई। यह पद यात्रा श्रृंगार नगर होते हुए सरार्फा मार्केट, आलमबाग चौराहा, टेढ़ी पुलिया होते हुए मवैया चौराहे पर समापन हुआ। इस दौरान प्रत्येक चौराहे भाजपा कार्यकताओं ने उपमुख्यमंत्री को फूल माला पहना और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि उठो जवानों नशा छोड़ो कदम बढ़ाओ और स्वस्थ्य भारत की स्थापना करो इस दौरान भारी संख्या में यात्रा में सम्मिलित भाजपा कार्यकर्तागण एवं एनसीसी कैडेट्स छात्रों में हाथों में तिरंगा झंडा ले भारत माता की जय और बंदे मातरम के नारे जमकर लगाए।

# जल संरक्षण में अग्रणी बना जालौन, राष्ट्रपति ने किया जिलाधिकारी को सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचयन जनभागीदारी पुरस्कार समारोह में जालौन जनपद ने एक बार फिर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जालौन को जल संचयन जनभागीदारी श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले में जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण, नदियों के पुनरुद्धार, भूजल पुनर्भरण और सामुदायिक जल प्रबंधन में हुए अभूतपूर्व कार्यों की आधिकारिक पहचान है। बुंदेलखंड महापरिषद के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने जालौन के जिलाधिकारी राजेश पांडेय द्वारा किये गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सहभागिता पर आधारित मॉडल वास्तव में अनुकरणीय हैं।



उन्होंने कहा कि जिस तरह जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतों, किसानों और सामाजिक संगठनों ने मिलकर जल संचयन को एक जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया, वह न केवल जालौन बल्कि पूरे बुंदेलखंड के लिए प्रेरणा का विषय है। जालौन जिले को यह सम्मान मुख्य रूप से नून नदी के पुनरुद्धार और उससे जुड़ी सामुदायिक जल संरक्षण गतिविधियों के लिए मिला है। लगभग 81 किलोमीटर लंबी नून नदी, जो समय के साथ सूखने और अवैध अतिक्रमणों के कारण संकट में थी, को जिला प्रशासन ने ग्रामीणों की सहभागिता और श्रमदान के माध्यम से पुनर्जीवित किया। वर्ष 2021 में शुरू हुई इस जन-आधारित परियोजना के तहत नदी की सफाई, चैनल निर्माण, अतिक्रमण हटाना, वर्षा जल को नदी की मुख्य धारा में मोड़ने के लिए ड्रेनेज बेल्ट तैयार करना तथा जलधारण क्षमता बढ़ाने के लिए कई संरचनात्मक कार्य किए गए।

नून नदी का यह पुनरुद्धार लगभग 47 गांवों को सीधे लाभान्वित कर रहा है। इसके पुनर्जीवित होने से लगभग 15,000 से अधिक किसानों को सिंचाई का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हुआ है और लगभग 2,700 हेक्टेयर कृषि भूमि को पानी मिलने की संभावना बढ़ी है। इस सामुदायिक प्रयास का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में भी किया गया था, जिसने इस मॉडल को राष्ट्रीय पहचान दिलाई।

इसके अतिरिक्त, जालौन में जल संरक्षण को लेकर अनेक उल्लेखनीय पहलें की गईं। जनपद में 3,000 से अधिक नॉन-फंक्शनल हैंडपंपों को वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर में बदला गया, जिससे भूजल स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया। अमृत सरोवर योजना के तहत 400 से अधिक सरोवरों का निर्माण एवं पुनरुद्धार किया गया। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में बड़े पैमाने पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गई, जिससे हजारों छात्रों और नागरिकों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी। लगभग 7.5 लाख लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया, जो इसे देश के सबसे बड़े जन-सहभागिता आधारित अभियानों में शामिल करता है। राष्ट्रपति द्वारा दिया गया यह सम्मान जालौन के सतत प्रयासों, सामुदायिक चेतना और प्रशासनिक संकल्प का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह दशार्ती है कि सही नेतृत्व, जनभागीदारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बुंदेलखंड जैसी सूखाग्रस्त भूमि को भी जल-समृद्ध बनाया जा सकता है।

## गौरी चौराहा से अमौसी मेट्रो तक दिनभर रहा यातायात प्रभावित

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ ! लखनऊ में इन दिनों यातायात अव्यवस्था अपने चरम पर है। गौरी चौराहा से अमौसी मेट्रो स्टेशन तक प्रतिदिन भारी वाहन दबाव रहने से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी, सड़कों पर वाहनों की अत्यधिक संख्या और मोड़ पर व्यवस्था न होने के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन मौजूद होने के बावजूद यातायात पुलिस की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अमौसी मेट्रो स्टेशन से लेकर नादरगंज चौराहे तक अक्सर घंटों तक जाम लगा रहता है, जिससे ऑफिस आने-जाने वाले लोगों, स्कूली वाहनों और एम्बुलेंस सेवाओं तक को प्रभावित होना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन जल्द प्रभावी कदम उठाकर यातायात व्यवस्था में सुधार लाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# साजिश रचकर जानलेवा हमला किए जाने का दावा

## मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग विभिन्न संगठनों ने की

### डीसीपी दक्षिणी ने पूरे मामले की जांच एससीपी को सौंपी

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज में समाजसेवी का पीछाकर जानलेवा हमला करने के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। पीड़ित समाजसेवी ने मंगलवार डीसीपी दक्षिणी से मिलकर हमले में कुछ अन्य साजिशकताओं के शामिल होने का दावा कर साजिशकताओं के खिलाफ जांच कराने की मांग की है। जिस पर डीसीपी ने एसीपी मोहनलालगंज को जांच के आदेश दिए है।

समाजसेवी पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल को दिए शिकायती पत्र में कहा कि 13 नवंबर को जब वो अपनी कार सर्विस सेंटर से लेकर निकले तो तीन कार सवार उनका पीछा कर रहे थे। इसकी जानकारी जब हुई जब वह बीसीसी हाइट्स के लिए अपनी गाड़ी से मुड़े तो कार सवार हमलावरों ने उनकी गाड़ी के दोनों साइड में गाड़िया लगाकर कार में टक्कर मारने का प्रयास किया। पर अपनी सूझबूझ से वहा से निकलकर अंदर प्लाट तक पहुंच गया। और हमलावर भी पीछा करके मौके पर पहुंच गए। और शोर मचाने पर वहा मौजूद लोग दौड़े तो आरोपी मौके पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। वही पुलिस ने कारों में सवार हमलावर अभिषेक तिवारी, विनीत तिवारी, चंदन भट्ट हरिनाम राहुल रावत, अमित मिश्रा को पकड़कर दोषी मानते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया था।

### पीड़ित की मांग पुलिस हमले की वजह और साजिशकताओं की जांच करे

पीड़ित समाजसेवी पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने अपनी शिकायत में कहा कि इस मामले में हमलावरों के तार एक प्रभावशाली कारोबारी से जुड़े हुए है। और कही उसी के इशारे पर उनकी हत्या की साजिश तो नहीं रची गई है। क्योंकि उनकी जान तो खुद की सूझबूझ से बची नहीं हमलावरों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी और खुद को मौके पर फंसने की आशंका पर मौके से भाग निकले थे। पीड़ित ने पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण बिंदु बताए है और कहा कि इन बिंदुओं पर पुलिस जांच करेगी तो पूरे रहस्य से पर्दा उठ जाएगा और असली साजिशकर्ता बेनकाब हो जायेगे।

### मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच और साजिशकताओं को सलाखों के पीछे भेजने की मांग विभिन्न संगठनों ने की

पीड़ित सहित प्रेस क्लब निगोहा, करनी सेना के दुर्गेश सिंह दीपू, किसान नेता अनमोल तिवारी, पत्रकार एसोशिएशन मोहनलालगंज के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूरे मामले की गहनता से जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से चार लोग घायल, दो ट्रॉमा सेंटर रेफर



एंबुलेंस की मदद से सीएचसी जाते घायल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मंगलवार शाम मलिहाबाद क्षेत्र में मधवापुर पुलिया और कीर्ति पेट्रोल पंप के बीच एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और हादसे की जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दिनेश कुमार निवासी हिम्मतखेड़ा, थाना मलिहाबाद व रामविलास (30 वर्ष) पुत्र रेवती, निवासी गोपुरामऊ, थाना माल गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान दूसरी बाइक हीरो पैशन प्रो पर सवार हरिश्चंद्र एवं उनकी पत्नी, निवासी ग्राम दाउदपुर भी सड़क पर मौजूद थे, जिन्हें ट्रैक्टर की टक्कर के चलते चोटें आईं। राहगीरों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार और रामविलास को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर चालक और वाहन की जानकारी जुटाते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे कर्मी के तीन मंजिला घर में लगी आग

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित न्यू गुड़ौरा मोहल्ले में सोमवार रात एक रेलवे कर्मी के तीन मंजिला घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में तीसरी मंजिल पर मौजूद रेलवे कर्मचारी झुलसकर बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची चार दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर टीम ने घायलावस्था में कमरे के अंदर पड़े रेलवे कर्मी को निकालकर लोक बंधु अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से नाका थाना क्षेत्र के एपी सेन रोड निवासी राकेश कुमार रावत (46) चारबाग स्थित रेलवे में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत हैं। करीब डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने बिजनौर क्षेत्र में अपना तीन मंजिला घर बनवाया और परिवार सहित वहीं रहने लगे। सोमवार शाम उनकी पत्नी सरिता, बेटी खुशी और अधिविका बाजार गई थीं, जबकि राकेश घर पर अकेले थे। रात करीब 9:30 बजे मकान के भूतल में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में धुआं और आग की लपटें तेजी से ऊपर की ओर फैलने लगीं। इससे घबराकर राकेश नीचे उतरने की कोशिश करने लगे, तभी तीसरी मंजिल पर किसी वस्तु से टकराकर गिर पड़े। धुआं अधिक होने के कारण वह बेहोश हो गए और अंदर ही पड़े रहे। रात करीब 10 बजे जब उनकी पत्नी और बेटियां लौटकर पहुंचीं तो घर से उठता तेज धुआं और आग की लपटें देख दहशत में चीखने-चिल्लाने लगीं। आनन फानन फायर कंट्रोल रूम और पुलिस को सूचना दी गई। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन राकेश घर तक जानवाली गली संकरी होने के कारण दमकल गाड़ियां घर तक नहीं पहुँच सकी, बल्कि 500 मीटर पहले ही रुक गई। इसके बाद आलमबाग फायर स्टेशन से भी दो गाड़ियां मंगाई गईं। तब 2 छोटी दमकल गाड़ियां किसी तरह घटनास्थल तक पहुंचीं और फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं सरोजनीनगर एफएसओ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में फायर कर्मियों ने भीतर जाकर राकेश को बेहोशी की हालत में रेस्क्यू किया और एंबुलेंस से उन्हें लोकबंधु अस्पताल भेजा। इस घटना में घर का काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। शुरूआती जांच में विद्युत शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। उधर पुलिस व फायर विभाग मामले की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल वाहन चालक की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत

**अमल लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए छोटा हाथी लोडर वाहन चालक की बीती रात ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के मौरावां थानान्तर्गत लउवा गांव निवासी मोहम्मद रईस (31) बंथरा के दादूपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी में रहकर छोटा हाथी लोडर वाहन चलाते थे। बीती 15 नवंबर को मोहम्मद रईस बंथरा में रामगढ़ी के पास स्थित एक ऑनलाइन कंपनी के वेयरहाउस से अपनी गाड़ी में सामान लोड कर चिनहट जा रहे थे। तभी बिजनौर में सरोजनी नगर तहसील के पास किसान पथ पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके वाहन में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मोहम्मद रईस गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन ट्रामा सेंटर में सोमवार देर रात इलाज के दौरान मोहम्मद रईस की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी आफरीन और एक बेटी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से बीते दिनों किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से धर दबोचा। पुलिस ने पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएँ बढ़ाते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाले मजदूर ने 14 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई का दामाद सूरज 3 नवंबर को उसकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के परिजनों पर दबाव बनाया। तब 15 नवंबर को किशोरी को लेकर आरोपी वापस लौट आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी को थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी भाग निकला। इस दौरान पूछताछ में किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे हरियाणा लेकर गया था। जहां करीब सप्ताह भर रखकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा, जहाँ दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बाद में पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को मुखबिर से पता चला कि सूरज किसान पथ अंडरपास के पास मौजूद है। इस पर बिजनौर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## डेकोरेटर की मौत में युवती के पिता, भाई पर हत्या का केस, हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**



परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाते इंस्पेक्टर

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में प्रेम प्रसंग एक बार फिर त्रासदी में बदल गया। सोमवार को 17 डेकोरेटर विकास की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि परिजनों ने किशोरी के परिवार पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पाठकगंज महमूद नगर निवासी रामगोपाल ने बताया कि उनका बेटा विकास माल इलाके की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग में था। रविवार को दोनों अचानक घर से लापता हो गए। सोमवार सुबह किशोरी के परिजन रामगोपाल के घर पहुंचे और कथित तौर पर पुलिस केस में फंसाने की धमकी दी।

परिजनों ने कई घंटे तलाश की, तभी सोमवार शाम करीब 4:30 बजे सूचना मिली कि विकास का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मुजासा रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### शव रखकर जाम, कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजन

मंगलवार दोपहर शव घर पहुंचते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। महमूद नगर ढाल पर लखनऊझहरदोई राजमार्ग पर शव रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया और मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। करीब एक घंटे में हाईवे पर गाड़ियों की लंबी लंबी कतारे लग गई पुलिस अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम खोला गया। देर शाम पुलिस सुरक्षा में किशोर का अंतिम संस्कार कराया गया।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर किशोरी के पिता और भाई पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 7 वर्षीय छात्र लापता

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र से बीते दिनों कक्षा 3 का 7 वर्षीय छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने सरोजनी नगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। मूल रूप से बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद थाना अंतर्गत हसरा गांव निवासी मोनू के मुताबिक उनकी पत्नी प्रियंका बिजनौर के छुआरा खेड़ा में किराए पर रहकर सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दवा गोदाम में काम करती हैं। मोनू का कहना है कि उनका 7 वर्षीय बेटा आयुष गांव में ही रहकर एक स्कूल में कक्षा तीन की पढ़ाई करता है। बीती 5 नवंबर को आयुष अपनी मां के पास आया था। जहां 16 नवंबर को जब प्रियंका अपनी ड्यूटी पर गई तो आयुष भी उनके पीछे-पीछे ट्रांसपोर्ट नगर चला आया। लेकिन उसके बाद से वह कहीं गायब हो गया। बाद में उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं नहीं पता चला। इसके बाद मोनू ने इसकी तहरीर सरोजनी नगर थाने में दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे लापता छात्र आयुष का सुराग लगाने में जुट गई है।

## बैंक में शॉर्ट सर्किट से मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने समय रहते बुझाई आग

**अमन लेखनी समाचार**



शॉर्ट सर्किट से बैंक का मीटर जला पड़ा

लखनऊ। मंगलवार को रहीमाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा/देना बैंक शाखा में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक मीटर में आग लग गई, जिससे बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते पूरे बैंक में धुआं भरने लगा और नोट काउंटिंग मशीन से भी धुआं निकलने लगा। धुआं उठते ही बैंक में मौजूद ग्राहक घबरा गए और बाहर की ओर दौड़ पड़े। स्थिति बिगड़ने पर बैंक मैनेजर स्वाति और दफ्तरी दिनेश ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही मिनटों में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। बैंक कर्मियों ने भी मौके पर स्थिति संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि आग कुछ और देर तक फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि बैंक में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मौजूद थे। गनीमत रही कि समय रहते आग को बुझा लिया गया, जिससे न तो कोई जनहानि हुई और न ही बैंक के रिकॉर्ड को नुकसान पहुंचा। फायर ब्रिगेड टीम ने आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया है और बैंक प्रबंधन को विद्युत सुरक्षा सिस्टम की जांच कराने की सलाह दी है। घटना के कारण बैंक का कामकाज कुछ देर बाधित रहा, लेकिन स्थिति सामान्य होने पर सेवाएं बहाल कर दी गईं।

## दुकान पर बैठी महिलाओं ने गैरजनपद से आई महिला को जमकर पीटा

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में रह रही मां बेटी ने सोमवार दोपहर गैरजनपद से आई एक महिला की जमकर पिटाई कर दी, पीड़िता ने हमलावर मां बेटी से केवल अपने पति की जानकारी मांगी थी। पीड़िता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने मां बेटी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है मूलरूप से जनपद गोरखपुर बेटिहाता की रहने वाली वसुंधरा सिंह के अनुसार वह अपने पति अनुराग दुबे के बुलाने पर सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे जनपद गोरखपुर से लखनऊ बंगला बाजार स्थित अपने पति के प्रतिष्ठान पर अपनी मां संग पहुंची थी। वहां इंदु सक्सेना अपने बेटी दीक्षा के साथ मौजूद थी और उनके पति नदारद थे जिसपर पीड़िता ने दुकान पर मौजूद महिलाओं से अपने पति के विषय में पूछा और अपने को उनकी पत्नी बताया तो मां बेटी आक्रोशित हो गई और भद्दी भद्दी गालियां देने लगी

## वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, मंदिर जाने से रोकने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई थाना क्षेत्र में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता पुष्पा मिश्रा, पत्नी शिवकुमार मिश्रा, ने आरोप लगाया है कि रविवार सुबह मंदिर में पूजा करने जाते समय मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, वह रोजाना सुबह 4:30 बजे शीतला माता मंदिर में पूजा करने जाती हैं। 18 नवंबर की सुबह पूजा करके जब वह शिवनारायण मंदिर की ओर जा रही थीं, तभी मोहल्ले के अवधेश बहादुर, उनके घर के सदस्य अजीत, उनकी बेटी मुन्नी और पत्नी अखिलेश ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और फिर उनकी बेटी ने जाकर उन्हें मारा। इसके बाद अन्य लोगों ने भी उन्हें गिरा दिया और धमकी दी कि अगर वह मंदिर जाना बंद नहीं करेंगी तो अंजाम बुरा होगा। हंगामे की आवाज सुनकर जब कालोनी के लोग बाहर आए तो आरोपी अपने घर के अंदर भाग गए। पीड़िता का कहना है कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनकी फुटेज निकलवाकर पूरी सच्चाई सामने आ सकती है। पीजीआई पुलिस ने बताया कि तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करी जा रही है।

## संक्षेप

### घर पर चढ़कर दबंगों ने की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के जगतखेड़ा निवासी रमेश चन्द्र पुत्र भगवानदीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार सुबह 8 बजे बिहार थाना क्षेत्र के ममरेजपुर निवासी काली चरन व उसका भाई कैलाश पुत्र श्रीकृष्ण व आकाश पुत्र कालीचरन अपने अज्ञात साथियो के साथ दरवाजे पर आये और मुझे, पुत्र रोहित, पत्नी तारावती व पुत्री अंजू को गालिया देते हुए घर मे घुस आए और लाठी डंडो से मार पीट करने लगे। चिल्लाने पर चचेरे भाई व अन्य लोगों के आ जाने पर घर मे घुसे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मेडिकल व तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत करंट की चपेट से महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना उटरा डकौली के मजरे मोरवन खेड़ा में हुई। महिला अपने घर में काम कर रही थी, तभी खुले तार की चपेट में आ गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय शांति मौर्य के रूप में हुई है, जो छोटू उर्फ मनीष की पत्नी और भैया लाल की पुत्री थीं। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में शांति मौर्य की दो छोटी बेटियां अनाथ हो गई हैं। एक बेटी की उम्र लगभग 5 वर्ष है, जबकि दूसरी लगभग डेढ़ वर्ष की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से घटना की सूचना औरास थाना प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया गया। औरास थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें करंट से मौत की सूचना मिली थी, जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी अविनाश गौतम 20 वर्ष सोमवार देर शाम रिश्तेदार धीरज गौतम 17 वर्ष निवासी नौहाई खुर्द को बाइक से छोड़ने जा रहा था तभी थाना क्षेत्र के गांव आसीवन तरफ सिद्धनाथ निवासी दिनेश 35 अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली पर धान लदवाकर बाइक से घर जा रहा था तभी सफीपुर मियागंज मार्ग पर स्थित गांव अहमदपुर मोड़ के पास दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने अविनाश गौतम व दिनेश की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# दिल्ली में हुए आतंकी हमले की राज्यपाल ने की गहरी निंदा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज में आयोजित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के विशेष कार्यक्रम में शामिल हुईं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिल्ली में हाल ही में हुए आतंकी धमाके पर गहरी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान भी दिए गए उनके बयान ने न केवल छात्रों को बल्कि पूरे समाज को आत्म विश्लेषण करने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ₹देश की राजधानी में घटित बम हादसा हमें गंभीरता से सोचने पर विवश करता है। राज्यपाल ने कहा- यह घटना केवल सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी नहीं है, बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर वह कौन-सी परिस्थितियाँ हैं जिनमें युवा ऐसी राह पकड़ लेते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए पूछा कि यह देश का भविष्य बनने वाले हमारे युवा किस राह पर खड़े हैं? और किस प्रकार की शिक्षा व संस्कार उन्हें मिल रहा है?₹ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उन्नाव के चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं को एआई आधारित शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने शिक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। कहा कि हमें शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम और परीक्षाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य व्यापक होना चाहिए, चरित्र निर्माण, नैतिकता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना शिक्षा के केंद्र में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब युवा यह समझेंगे कि उनकी सोच और कार्य समाज को जोड़ने के लिए है, न कि समाज में विभाजन पैदा करने के लिए, तभी हिंसा की जड़ों को समाप्त किया जा सकेगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश का युवा भविष्य की रीढ़ है और उसकी सोच, दिशा और व्यवहार समाज के सामूहिक प्रयासों का परिणाम होते हैं। उन्होंने कहा ₹समाज, परिवार और शैक्षणिक संस्थाएं मिलकर यह उत्तरदायित्व लें कि वे ऐसे नागरिकों का निर्माण करें जो अपने कार्यों के प्रति जवाबदेही हों, कर्तव्यनिष्ठ हों और राष्ट्र के प्रति समर्पित हों। उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि युवाओं को पूरी समझ, सकारात्मक वातावरण और सही मार्गदर्शन दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में युवा का अवसर देने, उनकी बात सुनने, उन्हें दिशा दिखाने और सही प्रेरणा प्रदान करने की जरूरत सबसे अधिक है। उन्होंने कहा - हमारे शिक्षक, परिजन और समुदाय हम सब की साझा जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को अवसर दें, उन्हें सुनें, उन्हें मार्गदर्शित करें और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जब समाज और शिक्षण संस्थान मिलकर युवाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे तो वे हिंसा, कट्टरता या गलत विचारधारा की ओर नहीं भटकेंगे। राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि उद्यमिता, कला, विज्ञान, खेल तथा सामाजिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा विकसित करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत नई सोच और नवाचार की मांग करता है, और युवा पीढ़ी के हाथों में ही इस परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है।

# चार अविवादित शत्रु संपत्तियों की हुई ई नीलामी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा तहसील क्षेत्र के कसरौर गांव में स्थित चार अविवादित शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। यह नीलामी भारत सरकार द्वारा निर्धारित आधिकारिक पोर्टल पर संपन्न हुई। प्रशासन के अनुसार, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की गई और चारों संपत्तियों की बोली बिना किसी विवाद के अंतिम रूप से दर्ज की गई। प्रत्येक संपत्ति के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म शुल्क 1000 रुपए और जीएसटी निर्धारित था। नीलामी प्रक्रिया के नियमों के तहत, यदि ऑनलाइन बोली के दौरान 8 मिनट तक कोई नई बोली या आपत्ति नहीं आती है, तो उस संपत्ति की नीलामी को अंतिम माना जाता है। पुरवा प्रशासन ने बताया कि चारों संपत्तियों के लिए निर्धारित समय सीमा में कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई, जिसके बाद सिस्टम ने नीलामी को स्वतः अंतिम रूप दे दिया। एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रक्रिया तकनीकी रूप से पूरी हो चुकी है। हालांकि, शासन से अभी तक कोई आधिकारिक लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर दर्ज नीलामी परिणाम अंतिम होते हैं, लेकिन प्रशासन को आगे की कार्यवाही के लिए सरकार से लिखित आदेश मिलना आवश्यक है। आदेश प्राप्त होते ही नीलामी से संबंधित दस्तावेजी और राजस्व प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि ये सभी संपत्तियां अविवादित श्रेणी में आती हैं और नीलामी की कार्यवाही पहले से निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत ही की गई। इससे पहले स्थानीय स्तर पर संपत्तियों का सर्वे, मूल्यांकन और विवरण पोर्टल पर अपलोड करने जैसी औपचारिकताएं पूरी की गई थीं। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रक्रिया से राजस्व में वृद्धि होगी और इन संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। उन्नाव प्रशासन के अनुसार, शत्रु संपत्तियों की पहचान और उनके उपयोग को लेकर केंद्र सरकार की नीति के तहत यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पुरवा क्षेत्र में पूरी हुई यह ई-नीलामी जिले में इस प्रकार की प्रमुख कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।


# अवैध वसूली को लेकर एक कर्मचारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बिजली विभाग में कथित अवैध वसूली का संज्ञान लेते हुए विभाग ने तत्काल कार्रवाई की है। सोलर पैनल के आवेदन और बिजली का लोड बढ़ाने के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है। अधीक्षण अभियंता (रए) योगेंद्र कुमार सिंह ने पीडी नगर पावर हाउस में तैनात कार्यकारी सहायक शांति रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हें विद्युत वितरण खंड मगरवारा, उन्नाव से संबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त, संविदा कर्मी प्रभात कुमार साहू के खिलाफ भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। उन पर उपभोक्ताओं से सोलर पैनल लगाने और बिजली के लोड में वृद्धि कराने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप था। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने के लिए संबंधित कार्यालय को पत्र भेजा गया है। शिकायतों की संख्या बढ़ने और मीडिया में मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने तत्काल जांच शुरू की थी। एक्सईएन सौरभ निगम ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विभाग भ्रष्टाचार और उपभोक्ता शोषण के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतें सत्य पाए जाने के बाद ही यह कार्रवाई की गई है। भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी सेवा के लिए सरकारी शुल्क से अतिरिक्त पैसा न दें और ऐसी मांग करने वाले कर्मचारी की तुरंत विभाग को सूचना दें। जिले के उपभोक्ताओं ने इस कदम का समर्थन किया है और भविष्य में भी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे ही कदम उठाए जाने की अपेक्षा की है।

# जिला अस्पताल में महिला ने रिश्वत लेने का कर्मचारियों पर लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला चिकित्सालय के एक्स-रे विभाग में तैनात कर्मचारियों पर मरीजों से कथित अवैध वसूली और मनमानी के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्राम माखी निवासी स्व. जंगली की पत्नी ने सीएमओ को एक विस्तृत शिकायत पत्र देकर दो कर्मचारियों आशीष कुमार यादव और वीरेंद्र सिंह पर जबरन पैसे लेने और गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 10 सितंबर 2025 को वह अपने घायल बेटे का एक्स-रे कराने जिला अस्पताल पहुंची थीं। आरोप है कि एक्स-रे कक्ष में मौजूद कर्मचारी आशीष कुमार यादव ने उनसे 600 रुपए की मांग की और भुगतान न करने पर रिपोर्ट न देने की चेतावनी दी। जब उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पैसे देने से असमर्थता जताई, तो कथित रूप से उन्हें धमकाया गया। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि इसी दौरान कर्मचारी वीरेंद्र सिंह वहाँ आ गए और दोनों ने मिलकर रिपोर्ट रोकने की बात कही। इसके बाद पीड़िता ने किसी तरह 2000 रुपये अदा करके एक्स-रे करवाया। शिकायत में कहा गया है कि एक्स-रे विभाग द्वारा जानबूझकर गलत या अधूरी रिपोर्ट दी जाती है, जिससे मरीजों को दोबारा टेस्ट कराने पड़ते हैं। पीड़िता का आरोप है कि उससे कुल मिलाकर लगभग 7000 रुपये तक वसूले गए, लेकिन सही रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा शिकायत में यह भी कहा गया है कि पंजीकरण में बिना जरूरत दोबारा फीस ली जाती है। रिपोर्ट कई दिनों तक रोकी जाती हैं। मरीजों को निजी सेंटरों पर भेजकर उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। पैसे न देने पर अभद्रता की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनका मानना है कि समय रहते कार्रवाई न होने पर मरीजों का जिला अस्पताल पर भरोसा कम हो सकता है। सीएमओ को दिया गया शिकायत पत्र मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक स्तर पर जांच शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि तथ्यों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 43 हिन्दू व मुस्लिम बहनों की शादी में की आर्थिक मदद, बना चर्चा का विषय

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विधानसभा भगवंतनगर में समाजसेवा का कार्य कर रहे पुष्प फाउंडेशन द्वारा एक सप्ताह मे 43 हिन्दू बहनों व मुस्लिम बहनों की शादी मे आर्थिक सहयोग कर चर्चा का विषय बन गया। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के बीघापुर ब्लॉक, सुमेरपुर ब्लॉक, सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो के पकरा खुर्द, धर्मदास खेड़ा, भगवन्तनगर, धानी खेड़ा, अड़ार, रावतपुर, सगवर, करमी, लालगंज द्वितीय, पिपरासर, गांवो मे आयोजित बहनों के विवाह कार्यक्रम मे समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने 43 बहनों की शादी मे आर्थिक सहयोग दिया जिससे उनके परिवारीजनो को शादी में आर्थिक सहायता मिलने से झूम उठे। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिताजी तेजबहादुर सिंह, बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह व टीम लगातार पूरी विधानसभा में गरीब, जरूरतमंद बेटियों की शादी मे परिवारों की बेटी की शादी के मौके पर मदद कर रहे है। फाउंडेशन द्वारा समाजहित में किये जा रहे कार्यो को लेकर मैनेजर सिंह, राघवेंद्र सिंह छोटू ठाकुर, अनीश यादव, आशू सिंह राठौर, राघवेंद्र सिंह, विकास सिंह, कमलेश यादव,मो अकील,प्रमोद कुशवाहा,सनी यादव, रामचरन प्रधान,शुभम निर्मल,प्रखर सिंह, रामजी यादव,आदि ने खुशी ब्यक्त की है।

# एकता यात्रा का किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत उन्नाव जिले में 'सरदार 150 एकता यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार को यह यात्रा भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में निकली। इसकी शुरूआत आजाद स्मारक, बदरका से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवाओं, सामाजिक संगठनों तथा कार्यकताओं ने भाग लिया। यात्रा का नेतृत्व विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया। उन्होंने सरदार पटेल को देश की एकता का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता के कारण ही सैकड़ों रियासतों का एकीकरण संभव हो पाया। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य सरदार पटेल के विचारों और देश निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता का उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाईचारा और एकजुटता ही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिलाध्यक्ष अनुराग ने कहा कि यह यात्रा पूरे जिले में सौहार्द व समरसता का संदेश लेकर निकाली जा रही है। समाज को जोड़ना और विकास की दिशा में आगे बढ़ाना ही इसका प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम की सफलता में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। यात्रा में शामिल सैकड़ों लोगों ने हाथों में तिरंगा और एकता संदेश वाली तख्तियाँ थाम रखी थीं। देशभक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और नारों से वातावरण जोशीला बना रहा। मार्गभर लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। यात्रा का समापन बदरका में आयोजित सभा के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के आदर्शों को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। दिनभर यह यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# एस आई आर को लेकर भाजपा नेता ने लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। भारत के चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल ने कई गांव का दौरा किया। अभियान की प्रगति और साथ ही आमजन को हो रही समस्याओं की जानकारी हासिल की। आपको बताते चलें की चुनाव आयोग द्वारा विशेष अभियान स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची (voter list) को अपडेट और शुद्ध करना है। इस कार्यक्रम की प्रक्रिया युद्धस्तर पर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जारी है। प्रत्येक गांव में बीएलओ के द्वारा एस आई आर फार्म्स का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज वरिष्ठ भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल ने क्षेत्र के कई गाँवों में जाकर ग्रामीणों से इस संबंध में चर्चा की और उन्हें जागरूक किया। श्री पटेल कलवारी गांव के बूथ नंबर 42, महम्मदाबाद बूथ नंबर 47, 48, दसगँवा बूथ नंबर 43, और हयातनगर के बूथ नंबर 40, 41 पे पहुंचे और बीएलओ से मिलकर अभियान की प्रगति की जानकारी ली साथ ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रवासियों को कोई समस्या न हो और सभी तक आसानी से एस आई आर फार्म्स पहुंच जायें। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रधान सतीश कुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सर्वेश कुमार उर्फ लल्लू प्रधान, साहिल प्रधान, मनोज सिंह, रानू खान आदि लोग मौजूद रहे।

# मोपेड सवार दो किशोरों को डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में उन्नाव- हरदोई मार्ग पर तेज रफ़्तार कंटेनर ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोपेड पर पीछे बैठा किशोर उछलकर सड़क पर जा गिरा। तभी कंटेनर ने उसे रौंद दिया। हादसे में किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मोपेड चला रहा किशोर बाल बाल बच गया। मौके पर मौजूद नागरिक की सूचना पर पुलिस ने कंटेनर कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। नगर के मोहल्ला पुर्विया टोला निवासी असीर का बेटा दाउद 13 वर्ष आज मंगलवार की सुबह करीब 7:30 बजे अपने रिश्तेदार हरदोई जिले के कस्बा मल्लावां अंतर्गत लाला बाजार निवासी तपसीर की मुपेड पर बैठकर बाईपास मार्ग से अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में नगर के हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित मिश्रा मार्केट के सामने हरदोई से उन्नाव की ओर तेज गति से जा रहे कंटेनर ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोपेड पर पीछे बैठा दाऊद उछलकर सड़क पर जा गिरा। तभी कंटेनर ने किशोर को रौंद दिया। हादसे में किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में मोपेड चला रहे तपसीर की जान बच गई और उसे मामूली चोटें आईं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस ने कंटेनर को कब्जे लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। किशोर की सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलते ही मां यास्मीन उर्फ साबिया सहित अन्य सभी परिजन सरकारी अस्पताल आ पहुंचे और शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। मृतक की दो छोटी बहनें आफरीन और गौसिया तथा एक छोटा भाई मोहम्मद ओवैस है। सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। दुर्घटना करने वाले कंटेनर को सीज कर चालक के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में मृतक दो किशोरों के शव गांव पहुंचते ही परिजनो में मचा हाहाकार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मार्ग दुर्घटना में मृत हुए दोनों किशोरों के शव गांव पहुंचते ही परिजनों सहित ग्रामीणों की हुई आंखे नम ,कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्दे खाक ।असोहा क्षेत्र के हरी खेडा गांव निवासी बद्दू का 25 वर्षीय पुत्र अरमान अपने 17 वर्षीय भाईफरमान व चाचा छेददू के लड़के स्वैब (सैफ), के साथ बाइक से रविवार को अपनी बुआ के यहाँ सिसेंडी थाना मोहनलालगंज बुआ की लड़की की शादी में गया था , जहां से लौटते समय सोमवार को कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर सरवैया मोड़ के पास गुप्ता ब्रिक फील्ड के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से भिड़ंत हो गई थी ,जिसमे फरमान की घटना स्थल पर म्रत्यु हो गई थी तथा सैफ की जिलाअस्पताल ले जाते समय रास्ते मे म्रत्यु हो गई थी । आज दोपहर बाद तीन बजे के लगभग फरमान व सैफ के शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया ,दो दो शव देख लोगो की आंखे नम हो गई वही परिजनों के हाल बेहालरहे । शेरखान , नफीस , कलंदर ,मुजीब , फिरोज , राजूखाँन ,खिलल्ले आदि ग्रामीणों ने स्थित को देखते हुए फरमान तथा सैफ के शवों को तुरन्त जनाजे का रूप देते हुए गांव के बाहर बने कब्रिस्तान में पुलिस की मौजूदगी सुपुर्दे खाक किया । मौके पर पहुंचे पूर्व विधयाक उदयराज यादव ने म्रतक परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद दिलाये जाने का अस्वाशन दिया ,इस दौरान पूर्व प्रमुख वितेन्द्र यादव , पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत ,बेदप्रकाश रावत , जवाहर यादव , सलमान वेग सहित अन्य सपाई मौजूद रहे थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि ई चालक रंजीत पुलिस की गिरफ्त में है पूंछताछ की जा रही है ।

# जागरूकता प्रचार वाहन को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से किसानों को जागरूक करने की पहल प्रशासन ने तेज के दी है ।इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने जन जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। एसडीएम ने बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया जाएगा ।बताया कि पराली जलाना कानून के भी खिलाफ है। बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। पराली जलाते पाए जाने पर दो हजार से लेकर तीस हजार तक का जुमार्ना वसूल किया जाएगा, वहीं पुनरावृत्ति करने वालों को जेल भेजने के साथ जुमार्ना भी वसूल किया जाएगा ।एसडीएम ने पर्यावरण संरक्षण और अपनी मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाए रखने के लिए पराली जलाने की प्रक्रिया को बंद करने की अपील किसानों से की ।इस मौके तहसीलदार देवेंद्र सिंह ने कहा कि धान की कटाई के बाद किसान बड़े पैमाने पर खेतों में पराली जला देते हैं, इससे वातावरण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निगरानी टीम लगातार सर्वे कर रही है और कहीं भी अवशेष जलाने की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।प्रचार वाहन क्षेत्र में किसानों को पराली के वैकल्पिक निस्तारण के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक करेगा।

# शादी के चार दिन बाद युवक की सड़क हादसे में मौत

२अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शादी की खुशियां उस समय चार दिन में ही दुःख व मातम में बदल गई जब शादी वाले एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अभी शादी की मेंहदी भी पत्नी के हाथ की नहीं छुटी थी कि उसकी मांग का सिन्दूर हट गया। क्षेत्र के गांव जसरा मारूफ पुर निवासी कमलेश के पुत्र विमलेश की शादी चार दिन पूर्व हुई थी। शादी के बाद विमलेश किसी काम से लखनऊ बाइक से गया था जहां सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया पत्नी रोली रो रो कर बेहाल होती रही। मृतक विमलेश चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। मृतक विमलेश कारपेंटर का काम करता था ।मृतक का अन्तिम संस्कार मंगलवार को नानामऊ घाट पर किया गया। विमलेश की मौत से गांव में मातम छा गया।

# 22 व 23 नवम्बर को बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा उर्स मुबारक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में स्थित मशहूर दरगाह खानकाहे आलिया फजले रहमानियां में बहुत मशहूर सूफी आलिम मुफ्ती हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ सरकार भोले मियाँ जौहर रह० अलै० का 25वां उर्स मुबारक 22 व 23 नवम्बर दिन सनीचर व इतवार को बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। खानकाहे आलिया फजले रहमानियां के शहजाद-ए-बा वकार हजरत मौलाना नवाजिशुर्रहमान उर्फ गुलाम रब्बानी मियाँ ने बताया कि पिछले सालों की तरह इस साल भी दरगाह के साहिबे सज्जादा पीरे तरीकत रहबरे शरियत हुजूर मारूफ मियां साहब की जेरे सरपरस्ती में हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ सरकार भोले मियां जौहर रह० अलै० का 25 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत तथा बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर शनिवार को बाद नमाजे इशा एक आलीशान मुशायरे का प्रोग्राम होगा तथा एक किताब का उद्घाटन होगा जो 100 साल बाद दुबारा अब छपी है। जिसमें तकरीर के लिए सूफी मौलाना मुख्तार साहेब और नात पढ़ने के लिए मशहूर शायर कफील अंबर व अली फैजी साहेब व और भी बहुत से उलमा व शायर तशरीफ ला रहे हैं। और 23 नवंबर दिन इतवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 11.40 बजे तक कुल की महफिल होगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मुशायरा और कुल शरीफ की महफिल में शामिल होने की अपील भी की।

# प्रतिबंधित हरे भरे फलदार पेड़ों पर चल रहा आरा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र में पुलिस की शह पर प्रतिबंधित हरे भरे फलदार पेड़ों की कटाई तेजी से चल रही है। पेड़ मालिक ने लकड़ी माफियाओं द्वारा चोरी से उसके पेड़ काट ले जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर किया है ।जिसमें आरोप है कि इलाकाई पुलिस उसका मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है।

थाना क्षेत्र के बेहटा नथई सिंह गांव निवासी हिमांशू सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर शिकायत की है कि उसकी जमीन दौलतपुर, गंगा खेड़ा गांव के मध्य स्थित है बीते 15 नवंबर को कुछ लकड़ी माफिया चोरी छिपे एक आम का पेड़ काट ले गए ।इसकी शिकायत थाने में की गई तो हल्के के उपनिरीक्षक अंजनी कुमार ने कार्यवाही करने से मना कर दिया ।पीड़ित पेड़ मालिक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत की है ।इस संबंध में उपनिरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने क्षेत्र में पेड़ काटे जाने से इंकार किया है।

**बिहार की राजनीतिक यात्रा विशेषकर चुनाव में परिणाम का इतिहास जितना भी उठापटक वाला रहा हो, किंतु जब से जदयू ने भाजपा एवं लोजपा के साथ केंद्रीय राजग के अंतर्गत प्रादेशिक स्तर पर भी शासन चलाने का गठबंधन साधा है, तब से बिहार में सुशासन के वास्तविक कार्यों का अनुभव आम जनता को अवश्य हुआ है। दो-तीन दशकों से भयंकर एवं अकल्पनीय अराजकता से घिरे संपूर्ण भारत व साथ ही बिहार में लोकतंत्र बुरी तरह ढह गया था। पीछे जाकर अनुभव करें तो बिहार के संदर्भ में लोकतंत्र केवल एक हवाई किला था, जो गत पांच-सात वर्ष से राजग के नेतृत्व में जनसरोकारों की वास्तविकता एवं सुशासन आधारित कार्यों में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। संभवतः यही कारण रहा है, जो बिहार की चौवालीस प्रतिशत जनता ने कुछ कमियों, दोषों, विवशताओं एवं समस्याओं के बाद भी राजग गठबंधन को शासन चलाने का निर्वाचनीय आदेश दिया है। इसके अलावा भी अनेक कारण रहे जिन्होंने मतदाताओं को राजग के पक्ष में खड़ा किया। इन्हीं कारणों का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# विशाल जनादेश के साथ सत्तारूढ़ राजग





विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

बिहार विधानसभा के लिए हुए सत्रहवें चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विजयी ध्वजा फहरा कर आगामी पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए पुनः सत्तारूढ़ होने जा रहा है। कुल 243 निर्वाचन क्षेत्रों के घोषित परिणामों में भाजपा ने अपने हिस्से के पूरे 89, जदयू ने पूरे 85 और लोजपा ने पूरे 19 क्षेत्रों में विजय प्राप्त कर ली है। राजग के इन तीन प्रमुख घटक राजनीतिक दलों ने कुल 193 क्षेत्रों में जीत प्राप्त कर ली है।

शेष 50 क्षेत्रों में विपक्षी राजनीतिक दल के प्रमुख घटक राजद ने 25, कांग्रेस ने 6, एआईएमआईएम ने 5, एचएएमएस ने 5, रालोमो ने 4, सीपीआई (एमएल, एल) ने 2, आईआईपी, सीपीआई (एम) और बसपा ने एक-एक क्षेत्र पर विजय प्राप्त की है। यदि दलों को प्राप्त मत प्रतिशत पर दृष्टिपात करें तो पहले से सत्तारूढ़ और पुनः विजय प्राप्त कर सत्तारूढ़ होने वाले राजग के प्रमुख दल भाजपा को 20.07, जदयू को 19.26, लोजपा को 4.98 प्रतिशत मत मिले हैं। राजग के इन तीन प्रमुख घटक दलों का कुल मत प्रतिशत 44.31 प्रतिशत है। प्रमुख विपक्षी दल राजद को 23, कांग्रेस को 8.71, एआईएमआईएम को 1.85, सीपीआई (एमएल, एल) को 2.84, बसपा को 1.62 प्रतिशत मत मिले हैं। कुल 1.81 प्रतिशत लोगों ने नोटा का विकल्प चुना था। शेष प्रतिभागी अन्य राजनीतिक दलों को कुल 14 प्रतिशत मत मिले हैं। इस प्रकार विपक्ष को कुल 38 प्रतिशत मत मिले। यदि दलवार ध्यान दें तो सर्वाधिक मत प्रतिशत 23 राजद का रहा। इसके बाद भाजपा 20.07 और फिर जदयू 19.26 क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर हैं।

**बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पुनः सत्तारूढ़ होने पर अब इसके प्रमुख घटक दलों भाजपा, जदयू और लोजपा के सामने प्रदेश की जनता के हित में अपने चुनावी संकल्पों, घोषणाओं एवं योजनाओं के अनुसार अनथक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बिहार की जनता ने भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी की जनसेवा पर केंद्रित राजनीतिक दिशादृष्टि को विशाल जनादेश देकर उस पर विश्वास स्थापित किया है। अब इस विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरकर बिहार की विकास यात्रा को क्रांतिकारी ढंग से बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।**

## राजद का मत प्रतिशत अधिक

यदि राजद का मत प्रतिशत सर्वाधिक है, तो यह इस शंका को बढ़ाता है कि बिहार में अभी भी मतदाता पुनरीक्षण अभियान शत-प्रतिशत संपन्न नहीं हुआ है। अभी भी राज्य में अवैध मतों की राजनीतिक कुक्रीड़ा पूरी तरह बंद नहीं हुई है। केंद्रीय एवं प्रांतीय चुनाव आयोगों को इस ओर ध्यान देना होगा कि जो दल कुल 243 में से केवल 25 निर्वाचन-क्षेत्रों में जीता है, उसका मत प्रतिशत प्रमुख विजयी दल भाजपा एवं जदयू से अधिक कैसे हो गया है। चिंता का विषय यह भी है कि जो मरणासन्न दल एक-दो क्षेत्रों में ही किसी प्रकार चुनाव जीते हैं, उनका मत प्रतिशत पांच या छह क्षेत्रों में चुनाव जीतने वाले दलों से अधिक है। इस चुनावी, निर्वाचनीय एवं लोकतांत्रिक दोष की ओर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## सुशासन आधारित कार्य

बिहार की राजनीतिक यात्रा विशेषकर चुनाव में परिणाम का इतिहास जितना भी उठापटक वाला रहा हो, किंतु जब से जदयू ने भाजपा एवं लोजपा के साथ केंद्रीय राजग के अंतर्गत प्रादेशिक स्तर पर भी शासन चलाने का गठबंधन साधा है, तब से बिहार में सुशासन के वास्तविक कार्यों का अनुभव आम जनता को अवश्य हुआ है। दो-तीन दशकों से भयंकर एवं अकल्पनीय अराजकता से घिरे संपूर्ण भारत व साथ ही बिहार में लोकतंत्र बुरी तरह ढह गया था। पीछे जाकर अनुभव करें तो बिहार के संदर्भ में लोकतंत्र केवल एक हवाई किला था, जो गत पांच-सात वर्ष से राजग के नेतृत्व में जनसरोकारों की वास्तविकता एवं सुशासन आधारित कार्यों में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। संभवतः यही कारण रहा है, जो बिहार की चौवालीस प्रतिशत जनता ने कुछ कमियों, दोषों, विवशताओं एवं समस्याओं के बाद भी राजग गठबंधन को शासन चलाने का निर्वाचनीय आदेश दिया है। राजग के पक्ष में खड़े हुए चौवालीस प्रतिशत मतदाताओं में नारीशक्ति अग्रणी है। पुरुष वर्ग अभी भी अनेक व्यक्तिगत किंतुओं-परंतुओं की उलझनों, जातिगत समीकरणों के दोषों तथा राजनीतिक कट्टरताओं के कारण अपने मत व्यर्थ कर रहा है।

## नारियों से सीखें पुरुष मतदाता

यदि पुरुष वर्ग भी नारियों की भांति राजनीतिक सतर्कता, सजगता का ध्यान रखे और सुशासन व विकास के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर मतदान यज्ञ में सम्मिलित हो, तो निश्चित रूप में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अधिक बड़े जनादेश की राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो। इसी कारण से, बिहार ही नहीं, पूरे भारत में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को अधिक सक्रियता एवं गहनता से संचालित किए जाने की अति आवश्यकता है। यदि भारतीय मतदाताओं की समुचित सूची बन जाती है तो डंके की चोट पर पारदर्शी एवं त्रुटिहीन मतदान होगा। हजारों की संख्या में पंजीकृत राजनीतिक दल घटकर कुछ सौ अंक तक सीमित हो जाएंगे। ऐसा होने पर चुनाव आयोग पर भी अधिक राजनीतिक दलों की गणना कर उनसे संबंधित आंकड़े एकत्रित करने का भार भी नहीं होगा। बिहार चुनाव जीतने के लिए केंद्र से लेकर बिहार प्रदेश तक राजद की जो भी चुनावी योजनाएं रही हों, वे तो जीत का कारण हैं ही, किंतु मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम ने भी प्रादेशिक चुनाव प्रक्रिया को अपेक्षित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने में व्यापक भूमिका निभाई है। न्यायोचित एवं लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव संपन्न होने पर संवेदनशील जनता के मतानुसार शासन की नियुक्ति हुई है। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम आरंभ होने के बाद बिहार प्रदेश प्रथम था, जहां इस कार्यक्रम की प्रथम चुनावी प्रतिक्रिया सामने आई है, और जो प्रतिक्रिया लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप श्रेष्ठ ढंग से प्रकट हुई है।

## विश्वास पर खरी उतरे सरकार

वैसे प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल को विधानसभा में विपक्ष के प्रमुख दल के रूप में विराजने योग्य जनादेश तो नहीं मिला है, किंतु अपने मत प्रतिशत को लेकर दल के नेता अतिशयोक्तिपूर्ण वक्तव्य अवश्य देंगे। केंद्र से लेकर बिहार तक शासन का कार्यभार संभालने वाले शासनिक-प्रशासनिक तंत्र को इनके नकारात्मक वक्तव्यों से ध्यान हटाकर तथा इनके संभावित राजनीतिक षड्यंत्रों पर पैनी दृष्टि रखकर केवल और केवल जनादेश के अनुसार चहुंदिश प्रादेशिक विकास कार्यों पर राजनीतिक-प्रशासनिक शक्ति लगानी होगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पुनः सत्तारूढ़ होने पर अब इसके प्रमुख घटक दलों भाजपा, जदयू और लोजपा के सामने प्रदेश की जनता के हित में अपने चुनावी संकल्पों, घोषणाओं एवं योजनाओं के अनुसार अनथक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बिहार की जनता ने भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी की जनसेवा पर केंद्रित राजनीतिक दिशादृष्टि को विशाल जनादेश देकर उस पर विश्वास स्थापित किया है। अब इस विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरकर बिहार की विकास यात्रा को क्रांतिकारी ढंग से बढ़ाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

# बिहार में उड़े 'गरदे' के गूढ़ार्थ



सियासत
डॉ. घनश्याम बादल
वरिष्ठ स्तंभकार

इस विधानसभा चुनाव में बिहार ने सारे पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए नीतीश कुमार और भाजपा नीत एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाते हुए राजनीति का एक नया मिथ रच बड़ा संदेश दिया है। यह संदेश बहुत साफ है कि यदि आप सरकार में रहकर सचमुच जनकल्याण के कार्य आगे बढ़ाते हैं तो फिर गलतियों के बावजूद जनता आपको सर आंखों पर बिठाती है। हालांकि पहले दौर के मतदान के बाद ही सर्वेक्षण एजेंसियों ने राजग की बढ़त की भविष्यवाणी कर दी थी और दूसरे दौर के बंपर मतदान के बाद ज़्यादातर एजेंसियां एनडीए को 130 से 160 सीटें दे रही थी, हालांकि तब सर्वेक्षण एजेंसियों के परिणामों पर उंगलियां भी उठाई जा रही थीं लेकिन वास्तविक परिणाम ने जिस तरह राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी दलों के महागठबंधन का सफाया किया है, वह हैरतअंगेज है। राहुल-तेजस्वी की जोड़ी, एसआईआर और वोट चोरी के साथ-साथ हर घर को नौकरी, माई बहन मान योजना और रैलियों में उमड़ रही भीड़ तथा तेजस्वी एवं राहुल की हुंकार से माहौल भरमा रहा था कि इस बार एनडीए को बहुमत प्राप्त करना आसान नहीं होगा लेकिन बिहारियों के मन को समझना विशेषज्ञों के भी बस से बाहर की बात रही और अंततः एनडीए प्रचंड बहुत के साथ फिर सत्ता में आ गया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने न सिर्फ सत्ता बरकरार रखी, बल्कि प्रचंड बहुमत के साथ राजनीति-मंच पर नये समीकरण भी गढ़े हैं। इस जीत के पीछे कई कारण हैं। रणनीतिक संयोजन, जातिगत एवं क्षेत्रीय समीकरणों को पहचानना व उसका सही इस्तेमाल करना तथा विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों का प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार और उनके सहयोगियों ने जमकर लाभ उठाया। इसी पृष्ठभूमि में प्रशांत किशोर और राहुल गांधी की रणनीतिक विफलता राजग के लिए सफलता का आधार बनी है। यदि चुनाव से पहले की स्थितियों पर नजर डालें तो पहले से ही एनडीए लीड ले चुका था। उसने प्रत्याशियों की पहले घोषणा की जबकि महागठबंधन के नेता आपस में लड़ते रहे। टकराव तो राजग में भी दिखाई दिया लेकिन सुगठित चुनाव प्रचार, जनता के मन तक पहुंचना, सरकार की उपलब्धियां, शाह-मोदी तथा नीतीश की तिकड़ी के चमत्कार और लालू यादव के जंगल राज की यादों को ताजा करने की कुशल रणनीति ने एनडीए के चमत्कार को नमस्कार करवा दिया। एनडीए इस चुनाव में विकास-विचारधारा को मुद्दा बनाकर, "डबल इंजन सरकार" और सुशासन एजेंडे के साथ मैदान में उतरा था और विपक्ष के एमवाई (मुसलमान + यादव) के मुकाबले अपने एमवाई ( महिला+युवा) की प्रस्तुति ने इस गठबंधन को व्यापक समर्थन दिया। इसके विपरीत, महागठबंधन ने जातिगत वोट बैंक विशेष रूप से मुस्लिम-यादव और नौकरियों-मुद्दों पर जोर दिया लेकिन यह रणनीति काम नहीं आई। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने "गाँव-गाँव, मुद्दा-मुद्दा" की पहल की और नौकरियों-माइग्रेशन जैसे विषय उठाये, लेकिन उसका असर सीमित रहा। राहुल गांधी की ओर से "वोट चोरी" व एसआईआर में गड़बड़ी जैसे आरोप लगाए गए, उनकी रेलियों में भीड़ तो उमड़ी लेकिन 'वोट चोर गद्दी छोड़' की अपील जनादेश में बदल नहीं पाई। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा निर्णायक रहे हैं। इस बार एनडीए ने पिछड़ी अति पिछड़ी व अन्य पिछड़ी जातियों, दलितों, ओबीसी-गैर-यादवों के हर वर्ग में सेंध लगाने में सफलता प्राप्त की और हर वर्ग से वोट मिलने की वजह से ही इतना प्रचंड बहुमत मिलना संभव हो पाया। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार अति पिछड़ी एवं पिछड़ी जातियों के करीब 58 % वोट एनडीए को मिले। वहीं, महागठबंधन की अपने परंपरागत मुस्लिम यादव वोट बैंक पर अत्यधिक निर्भरता और अन्य समूहों के जुड़ पाने की विफलता से राजनीतिक रूप से भारी नुकसान हुआ और वह पहले जितनी सीटें भी प्राप्त नहीं कर पाया। महागठबंधन की सफलता में एक बड़ा कारण वहां कांग्रेस का जमीनी संगठन न रहना भी रहा । साथ ही, दो साल तक तेजस्वी का नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करना और फिर सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना भी भारी पड़ा। मिथिलांचल, मगध, शिवहर-सीमांचल आदि में एनडीए. को संतुलित आधार मिला। विरोधी गठबंधन मुख्य रूप से एक-दो क्षेत्रीय और जातिगत धड़ों तक सीमित रहा, जिससे उनकी व्यापक पहुंच ढीली पड़ गई। इस जीत में नीतीश कुमार का 'सुशासन बाबू' का ब्रांड भी महत्वपूर्ण रहा। उनका दल जनता दल यूनाइटेड 80% जीत दर के साथ इस बार पहले से लगभग दुगनी सीटों पर जीता तो भारतीय जनता पार्टी ने 90% का स्ट्राइक रेट पाया।

***रणनीतिक संयोजन, जातिगत एवं क्षेत्रीय समीकरणों को पहचानना व उसका सही इस्तेमाल करना तथा विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों का प्रधानमंत्री मोदी, शाह, योगी, नीतीश ने लाभ उठाया***

# परिणामों में महागठबंधन को लगा बड़ा झटका



विस चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी
स्वतंत्र पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हुई मतगणना के बाद प्रदेश की राजनीतिक तसवीर स्पष्ट दिखाई देने लगी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बन रही है। इसके निहितार्थ एकदम स्पष्ट हैं कि बिहार के मतदाताओं ने भाजपा के साथ नीतीश को फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनाने पर अपनी मुहर लगा दी है। दूसरी ओर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व में बनाए गए महागठबंधन को बहुत बड़ा झटका लगा है। इसमें सबसे बड़ी बात यह भी है कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन अपनी पिछली स्थिति को बरकरार रखने में भी असफल रहा है। पिछले चुनाव में राजद बहुमत की संख्या से कुछ ही दूर रहा, लेकिन इस बार यह संख्या बहुत कम होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस का साथ इस बार भी राजद का कुछ भी भला नहीं कर सका, उलटे अपनी राजनीतिक जमीन को संकुचित कर बैठे। कांग्रेस की स्थिति तो इससे भी ज्यादा दयनीय हो चुकी है, वह दहाई की संख्या में आने के लिए भी तरस रही है। इनका वोट चोरी का आरोप भी मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सका। आरोप लगाने मात्र से कोई अपराधी नहीं बन जाता, उसके लिए समय पर प्रमाण भी देना होता है। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का आरोप लगाते हुए यह दावा किया गया कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव में ब्राजील की एक मॉडल ने 22 बार वोट डाला। इसके विपरीत मॉडल लारिसा नेरी का कहना था कि वे भारत कभी गई ही नहीं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब वे भारत आई ही नहीं, तब कांग्रेस का यह आरोप केवल एक नैरेटिव स्थापित करने जैसा ही माना गया। राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर इस प्रकार का असत्य आरोप लगाना निश्चित ही लोकतंत्र के लिए घातक ही है। कांग्रेस ने अपनी स्थिति स्वयं ही कमजोर की है। क्षेत्रीय दलों के सामने समर्पण करने के बाद भी कांग्रेस अपने को बहुत बड़ा दल मानती है और वैसा ही व्यवहार भी करती है। जबकि राजद ने कांग्रेस को ज्यादा भाव नहीं दिया। राष्ट्रीय जनता दल की हार के पीछे एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि बिहार में फिर से यादव राज की संभावना से मतदाता नाराज हुआ, इसके जानने के बाद भी तेजस्वी ने सहयोगी दलों की आवाज को अनसुना करते हुए विधानसभा के चुनाव में राजद की ओर से 52 प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया। इससे अन्य मतदाता इनकी ओर उतना नहीं आ सका, जितनी उम्मीद की जा रही थी। इसको भाजपा के राजनीतिक हथियार के रूप में उपयोग किया, जो भाजपा के लिए लाभदायक साबित हुआ। बिहार के मतदाताओं ने प्रदेश की जो राजनीतिक तस्वीर बनाई है, वह चुनाव बाद किए गए सर्वेक्षण को सही साबित कर रहे हैं।

***कांग्रेस का साथ इस बार भी राजद का कुछ भी भला नहीं कर सका, उलटे अपनी राजनीतिक जमीन को संकुचित कर बैठे।***

# बिहार का जनादेश लाया बदलाव का नया संदेश



रणनीति
प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है। एनडीए गठबंधन एक बार फिर बिहार में स्थिर सरकार देने को तैयार है। जबकि विपक्ष की चुनावी रणनीति पूरी तरह फिसल गई है। विपक्ष ने बिहार में जंगलराज की बात को भले प्रचारित किया, लेकिन जनता ने भाजपा और जनतादल (यू) नीतीश और मोदी की जोड़ी पर भरोसा जताया। बिहार के लोगों ने सुशासन बाबू को दिल से लिया।

एनडीए गठबंधन ने पिछले चुनाव का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जबकि प्रमुख विपक्षी दल आरजेडी और महागठबंधन पूरी तरह पराजित हुआ है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली आरजेडी का प्रदर्शन पिछली बार से भी घटिया रहा है। विपक्ष जहां चुनावी माहौल सिर्फ हवा में बनाता रहा वहीं भाजपा जमीनी स्तर पर उतरकर वहां अपनी स्थिति मजबूत किया है। दूसरी तरफ एनडीए लगातार सत्ता में बनी रही जिसका उसे फायदा मिला है। कांग्रेस जैसे बड़े राष्ट्रीय दल से भी कई गुना अच्छा प्रदर्शन लोजपा चिराग पासवान की पार्टी ने किया है। बिहार का चुनाव राजनीति के लिए साफ संदेश है। बिहार का चुनाव परिणाम किसी राजनीतिक दल की हार और जीत का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के जनादेश का परिणाम है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को इस बात को समझना चाहिए कि सिर्फ हवा में आरोप लगाकर आप सत्ता नहीं हासिल कर सकते हैं। जनता विकास चाहती है, हवाई नारों पर वह विश्वास करने वाली नहीं है। बिहार की जनता ने कम से कम यह साफ संदेश दे दिया है। बिहार का जनादेश, बदलाव की दिशा में नया संदेश है। बिहार की जनता ने एनडीए के सुशासन पर अधिक भरोसा जताया है। बिहार में सच्चाई है कि वहां विकास हुआ है और लोगों को जंगलराज से राहत मिली। विपक्ष के लिए है चिंता और चिंतन का सवाल है। राहुल गांधी को अब जमीनी राजनीति करनी चाहिए। सिर्फ तालियां पिटवाने की राजनीति से उन्हें बाज आना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उन्होंने जितना निजी हमला किया, उसका परिणाम सकारात्मक होने के बजाय नकारात्मक आया। कांग्रेस अपनी जड़ और जमीन दोनों को खो दिया है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व कब समझेगा यह विचारणीय बिंदु है। सिर्फ जुमले और नारों से आप जमीन नहीं बदल सकते हैं। जनता जमीन पर बदलाव देखना चाहती है। लालू यादव के कुशासन और जंगल राज की तस्वीर आज उसके जेहन में चस्पा हैं, जिसकी वजह से तेजस्वी यादव को लोगों ने नकार दिया है। दूसरी वजह लालू यादव के पारिवारिक झगड़ों के साथ महागठबंधन में रणनीति की कमी और आंतरिक बिखराव इसका सबसे बड़ा कारण है। बिहार में नीतीश और मोदी की जोड़ी ने सिर्फ नारे नहीं लगाए, जमीन पर काम भी किया। इससे बिहार की जनता को सीधा फायदा मिला है, राजनीतिक दलों के लिए बिहार चुनाव बड़ा संदेश है। इन परिणामों ने यह साबित किया कि है यहां की राजनीति अब सिर्फ जात-पात और संप्रदाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि विकास, पर आधारित है। महिला मतदाता ने निर्णायक भूमिका निभाई है। दो चरणों में मतदान हुआ जिसमें दूसरे चरण में 69 फीसदी तक मतदाताओं की हिस्सेदारी इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी देना चाहती है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछली बार की तुलना में समाज के उन वर्गों ने मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा बढ़ाया है जिनके मतों पर दल लंबे समय से निर्भर थे। इस बढ़ी भागीदारी का मतलब साफ है, नेताओं को अब जवाबदेही भी ढंग से दिखानी होगी। एनडीए ने न सिर्फ बहुमत पार किया, बल्कि बहुत मामलों में महागठबंधन को पीछे छोड़ा। इस बढ़त के पीछे कई कारक हैं। नीतीश कुमार की महिला मतदाता और अत्यंत पिछड़ा वर्ग फॉर्मूला माना जा रहा है जिनमें एनडीए ने अच्छी पकड़ बनाई है। मुस्लिम बहुल सीटों में एनडीए को पारंपरिक अनुमान से बेहतर नतीजे मिले, खासतौर पर जब बहुत लोग मान रहे थे कि यह हिस्से विरोधी गुट का सहज आधार होंगे। एनडीए ने जनता के बीच जाकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जबकि विपक्ष के पास ऐसा कुछ नहीं था।



**राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को इस बात को समझना चाहिए कि सिर्फ हवा में आरोप लगाकर आप सत्ता नहीं हासिल कर सकते हैं।**

# चुनाव परिणामों में भावनाओं पर नीति की जीत



जनादेश
अजीत लाड़
स्वतंत्र पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का जनादेश भारतीय राजनीति की गहरी हलचलों को उजागर करता है। यह नतीजा मात्र सत्ता परिवर्तन का गणित नहीं; यह मतदाता की विकसित समझ, सामाजिक-आर्थिक आकांक्षाओं और राजनीतिक नेतृत्व के प्रति विश्वास का विस्तृत परीक्षण भी है। कांग्रेस, आरजेडी और अन्य विपक्षी दल जिस "एकता" को ऐतिहासिक पलटवार के रूप में प्रस्तुत कर रहे थे, वह मतदाता की कसौटी पर टिक ही नहीं पाया। यह पराजय किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि कई वर्षों से संचित संगठनात्मक कमियों, भूथर रणनीतियों और अधूरे नेतृत्व का प्रतिफल है। चुनावी अभियान की शुरुआत में महागठबंधन ने परिवर्तन की तेज़ हवा का दावा किया।

राजनीतिक नारों, आक्रामक विज्ञापनों और डिजिटल प्रचार की चमकदार प्रस्तुतियों से जनता का मन जीतने का प्रयास हुआ। फिर भी मतदाता की वास्तविक अपेक्षाएं सतही उत्तेजनाओं से आगे बढ़ चुकी थीं। बिहार का युवा अब अवसर चाहता है, महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोज रही हैं, और ग्रामीण मतदाता ऐसी सरकार को प्राथमिकता देता है जो रोज़मर्रा की समस्याओं को हल करने की क्षमता दिखा सके। महागठबंधन इन व्यापक अपेक्षाओं को समझ ही नहीं पाया। उसके दावों में भावनाएं तो प्रबल थीं, पर भविष्य के लिए ठोस संरचना का अभाव रहा। नेतृत्व भी बड़ी चुनौती बनकर सामने आया। तेजस्वी यादव को युवा राजनीति का प्रतीक बताने की कोशिश हुई, फिर भी बिहार जैसे जटिल राजनीतिक भूगोल वाले राज्य में अनुभव, प्रशासनिक दृष्टि और कठोर निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। जनता वही नेतृत्व चुनती है जिसके पास दिशा हो, स्पष्टता हो और दीर्घकालिक सोचना आता हो। कांग्रेस की स्थिति इससे भी अधिक विस्मयकारी रही, न संगठन में सक्रियता, न स्थानीय स्तर पर उपस्थिति, न ही कोई ऐसा चेहरा जो मतदाता में भरोसा पैदा कर सके।

इस शून्य ने महागठबंधन को एकजुट मोर्चे के रूप में कम और विखंडित समूह के रूप में अधिक प्रस्तुत किया। भाजपा ने इस चुनाव में जिस सबसे महत्वपूर्ण तत्व पर ध्यान केंद्रित किया, वह था समावेशी विकास का भरोसा। "सबका साथ–सबका विकास" केवल नारा नहीं रहा; यह उन योजनाओं का आधार बना, जिन्होंने समाज के अलग-अलग वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ दिया। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास बिहार में परिवर्तन की धुरी बन गया। स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण उद्यमिता, शिक्षा में सुधार, सुरक्षा की विश्वसनीयता और घर की चारदीवारी से बाहर आर्थिक सहभागिता, इन सभी ने महिलाओं को पहली बार यह अनुभव कराया कि राजनीति उनके जीवन को वास्तविक रूप से बदल सकती है। भाजपा ने इस परिवर्तन को समझकर अपनी रणनीति तय की।

महागठबंधन इस उभरती शक्ति को केवल भावनात्मकता के सहारे प्रभावित करने की कोशिश करता रहा, जबकि मतदाता ठोस परिणामों की तुलना करता चला गया। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनावी भविष्यवाणी का सरल सूत्र माने जाते थे। इस चुनाव ने उस पुराने ढांचे को पूरी तरह अप्रासंगिक साबित किया। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता; वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। भाजपा की नीतियों और कार्यशैली ने यह विश्वास जगाया कि राज्य के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित की कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक इकाई से संभव है जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। चुनाव प्रचार में रीलें और ट्रेंड उत्साह पैदा करते हैं, परंतु मतदान का निर्णय तभी बनता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। महागठबंधन इस भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव के पीछे जो वास्तविक मनोदशा रही, वह एक वाक्य में स्पष्ट होती है। जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद मार्ग प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार-विरोध का मंच बनकर रह गया, उसकी अपनी कोई ऐसी योजना सामने नहीं आई जो मतदाता को प्रेरित कर सके। बिहार का यह जनादेश पूरे देश के लिए एक संकेत देता है। मतदाता अब भावनात्मक राजनीति के युग से आगे निकल चुका है। राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उभरती नई सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देती है।



**मतदाता अब भावनात्मक राजनीति के युग से आगे निकल चुका है। राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उभरती नई सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देती है।**

## संक्षेप

### मटेरा थाना अध्यक्ष हुए लाइन हाजिर, कई मामलों में पैसा लेकर काम करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा थाना अध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके खिलाफ कई मामलों में पैसा लेकर काम करने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार एसपी को शिकायत की गई जिसका हुआ असर एसपी ने तत्काल प्रभाव से उनको लाइन हाजिर कर दिया है। बताते चले की कई दिनों से मटेरा में कई मामलों में थाना अध्यक्ष द्वारा जबरदस्ती वसूली की जा रही थी जिसकी लिखित शिकायत सपा और उच्च अधिकारियों को किया गया जिसका संज्ञान लेकर एसपी ने तत्काल प्रभाव से थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया। उनकी जगह पर नए थाना अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप बौद्ध को बनाया गया जो पहले कोतवाली नगर के उप निरीक्षक थे। जन शिकायत को एसपी साहब द्वारा संज्ञान लेने के लिए मटेरा वासियों ने धन्यवाद कहा है।

### मुर्गी फार्म से 4 लाख के मुर्गे गबन का आरोप

**सुलतानपुर में अनुबंध तोड़कर 1842 मुर्गे बेचे, कंपनी को 4 लाख का नुकसान, एफआईआर दर्ज**

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में एक मुर्गी फार्म से जुड़े लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। सपन इंटीग्रेटर्स नामक कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने एक व्यक्ति और कुछ अज्ञात लोगों पर 4 लाख रुपये से अधिक के मुर्गे बेचने और कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता अजीत प्रताप सिंह, जो सपन इंटीग्रेटर्स के ब्रांच मैनेजर हैं, ने बताया कि उनकी कंपनी ने दीपक सिंह और हनुमान सिंह, निवासी ग्राम बेनीपुर, थाना लम्भुआ, सुल्तानपुर के साथ मुर्गी पालन के लिए एक समझौता किया था। इस अनुबंध के तहत, दीपक सिंह के फार्म पर 2679 चूजे उपलब्ध कराए गए थे। कंपनी द्वारा समय-समय पर फार्म को दाना, चूजे और दवाएं भी प्रदान की जाती थीं। अजीत प्रताप सिंह के अनुसार, समझौते के तहत मुर्गों का विक्रय कंपनी द्वारा ही किया जाना था। हालांकि, दीपक सिंह और अन्य अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर कंपनी के चालानी फार्म को फाड़ दिया।

### पुलिस की मदद से विक्षिप्त व्यक्ति परिवार से मिला

**लखनऊ का निवासी भटककर सुलतानपुर पहुंचा था, पुलिस ने परिजनों को सौंपा**

सुलतानपुर, कोतवाली देहात पुलिस ने एक मानसिक रूप से उसके परिवार से मिलाया है। लखनऊ का रहने वाला यह व्यक्ति भटककर सुलतानपुर के बरसड़ाविक्षिप्त व्यक्ति को गांव पहुंच गया था, जहां ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसे सुरक्षित उसके जीजा को सौंपा। कोतवाली देहात के बरसड़ा गांव से ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी 2849 मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पुलिस के हवाले किया, जिसे बाद में थाना कोतवाली देहात लाया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में भर्ती कराया।

# राजकीय इंटर कॉलेज चकसौगहना में कैरियर मेले का हुआ आयोजन

## विशेषज्ञों ने छात्रों को भविष्य के विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।कैसरगंज क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज चकसौगहना में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी क्षमता एवं अभिरुचि के अनुरूप विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जागरूक व मार्गदर्शन कर रोजगार के अवसरों से जोड़ना एवं कैरियर चयन में सहायता प्रदान करना था। जिसमें विभिन्न विभागों के अतिथि विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अमन जयसवाल शाखा प्रबंधक कुंडासर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर के अवसरों की जानकारी दी।कार्यक्रम के अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य वीपेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी नारायण पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ डॉक्टर वाली ने बच्चों को स्वास्थ रहने के टिप्स दिए साथ ही में चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित रोजगार के अवसरों की जानकारी दी उन्होंने विद्यार्थियों को नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया।दैनिक भास्कर के पत्रकार फैजान अहमद ने पत्रकारिता के क्षेत्र से संबंधित जानकारी दी उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक कार्य है पत्रकार को निष्पक्ष निडर होना अत्यंत आवश्यक है।डॉ वसीमा खतीब स्त्री एंव बाल रोग्य विशेषज्ञ ने चिकित्सा संबंधी विशेष जानकारी दी उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने के बाद कहीं मोबाइल फोन के साइड इफेक्ट के बारे में बताया छात्राओं को चिकित्सा संबंधित रोजगार से जोड़ने के टिप्स दिए। उप निरीक्षक फखरपुर रामदेव ने आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम के बारे में भी छात्रों को जागरूक किया प्रधान डॉक्टर खतीब ने ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए समस्त अध्यापकों का आभार व्यक्त किया सभी विशेषज्ञों ने कैरियर मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया सभी अतिथियों को विद्यालय प्रधानाचार्य ने फूल माला के साथ उपहार भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर डॉक्टर फसीउर्रहमान डॉक्टर तबरेज अहमद, अमितेंद्र शुक्ला, अमरजीत, महेंद्र कुमार आदि सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच को भेंट किया प्रतीक चिन्ह

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था द्वारा बधिर चालकों की सड़क-सुरक्षा एवं यातायात नियम जागरूकता अभियान में पुलिस-प्रशासन के सहयोग हेतु पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच को प्रतीक चिन्ह भेंटह्व सहयोग की मांग की।

यातायात निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नवंबर माह में संचालित राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा एवं जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत ह्वबधिर चालकों के कान के प्रतीक चिन्हह्व योजना के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत अभियान संचालित है। संस्था द्वारा जनपद में बधिर चालकों हेतु सुरक्षित आवागमन, यातायात संकेतों की जानकारी तथा सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे पुलिस विभाग, परिवहन विभाग आरटीओ एवं आमजन में बधिर चालकों की पहचान सरल हो सके तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं समान व्यवहार की भावना विकसित की जा सके।

इसी क्रम में इसी क्रम में पुलिस-प्रशासन से सहयोग का अनुरोध करते हुए संस्था द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमिष सिन्हा, पदाधिकारी सदस्य वरूण कुमार गुप्ता, सयुंक्त सचिव मोहम्मदन नदीम उपस्थित रहे।

# फामेर्सी के छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश शुक्ला इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी कालेज में मंगलवार को सेमिनार हाल में नशा मुक्ति के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें फामेर्सी प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि नशा व्यक्ति का शरीर ही नहीं बल्कि जीवन को ही बर्बाद कर देता है इसीलिए नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एचओडी शिवमूर्ति सिंह, विशाल सिंह, राहुल पांडेय, अरुण जायसवाल, सुजान शील श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, इदरीश अंसारी, सोमदास, दीपक पटेल, मोहित सोनी, शालू त्रिपाठी,अजय शुक्ला, नीलकमल दीक्षित आदि मौजूद रहें।

# सीमा क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एसएसबी की अनूठी पहल

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सीमांत गांवों में आजीविका के नए अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। ग्राम सलारपुर में हुए इस कार्यक्रम में मुर्तिहा और निधिपुरवा के ग्राम प्रधानों को 3झ3 कुल 6 सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता 59वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की। इस दौरान सभी अधिकारीगण, ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कमांडेंट रमोला ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती गांवों की महिलाओं को सिलाईझकढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के नए साधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी तो घर की आमदनी में सुधार होगा, साथ ही वाइब्रेंट विलेज के विकास को भी गति मिलेगी। यह प्रयास स्थानीय उद्यमिता, कौशल विकास और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एसएसबी का नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सीएपी) सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने और बल व स्थानीय नागरिकों के बीच विश्वास तथा सहयोग की भावना को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्यरत है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एसएसबी के इस जनहितकारी कदम की सराहना की और बल के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि सिलाई मशीनें मिलने से गांव की कई महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे घर बैठे आर्थिक रूप से सक्षम हो सकेंगी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जनपद आगमन आज

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही का 19 नवम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री श्री शाही 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा सहयोगियों के साथ बैठक करेंगे। तदोपरान्त मध्यान्ह 12:00 बजे मंत्री श्री शाही लोक निर्माण विभाग निरीक्षण, भवन में जिलाध्यक्ष, विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी के साथ कोर कमेटी की बैठक करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री शाही अपरान्ह 02:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों को 21वीं किसान सम्मान निधि जारी करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तदोपरान्त लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती



के अवसर पर आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रभारी मंत्री अपरान्ह 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# ई-रिक्शा-बाइक की भीषण टक्कर, ई-रिक्शा चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ फ्लाईओवर के नीचे संडीला मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह हादसा मंगलवार शाम करीब सात बजे जोगीकोट मोड़ पर हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने ई-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक ई-रिक्शा चालक की पहचान फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के बद्रीखेड़ा गांव निवासी राजेश (47 वर्ष) पुत्र पुरन के रूप में हुई है। राजेश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी उषा, दो बेटे राहुल (22) और नरेंद्र (20), तथा एक बेटी रेनू (23) हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं, घायल बाइक चालक बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीखेड़ा निवासी रामनाथ का 18 वर्षीय बेटा नीरज है। नीरज आरएस चौराहे पर सब्जी लेने गया था और घर लौट रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। उसकी हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर बेहटा मुजावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

## दिल्ली से बिहार जा रही थी ट्रेन, अलीगढ़ में आरपीएफ-जीआरपी ने चलाया सर्च अभियान

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिलते ही अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। ट्रेन को तुरंत रोका गया और संदिग्ध व्यक्ति को नीचे उतारकर उसके बैग की तलाशी ली गई। आरपीएफ, जीआरपी, क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम, डॉग स्क्वाड और सिविल पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच की। जनरल कोच में यात्रा कर रहे व्यक्ति और उसके बैग को भी तलाशी के लिए नीचे उतारा गया। तलाशी के बाद किसी प्रकार की विस्फोटक सामग्री नहीं मिलने पर संदिग्ध को छोड़ दिया गया। दिल्ली से बिहार जा रही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री के पास बम होने की सूचना मिलने पर देर रात अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम सक्रिय हो गई। ट्रेन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर पहुंचते ही टीम ने चेकिंग शुरू कर दी। सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को उसके बैग सहित नीचे उतारकर तलाशी ली गई। जांच के दौरान संदिग्ध यात्री के बैग में केवल अमरूद, खाने-पीने का सामान और कपड़े मिले। कोई भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। फिलहाल पुलिस टीम उससे पूछताछ कर रही है। आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह ने बताया- प्रयागराज डिविजन कंट्रोल से फोटो सहित सूचना मिली थी कि दिल्ली से बिहार जा रही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस (12560/12562) के फ्रंट साइड जनरल कोच में एक यात्री के पास बम जैसी वस्तु होने की आशंका है। सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी, क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट, डॉग स्क्वाड और सिविल पुलिस की टीमें सक्रिय हो गईं।

ट्रेन के इंजन से दूसरे जनरल कोच में सीट संख्या 247503/सी पर संदिग्ध व्यक्ति को पाया गया और तुरंत उसे नीचे उतारकर पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुशील सैनी (35 वर्ष), पुत्र राजकुमार सैनी बताया। वह बिहार के मधुबनी के थाना अरेर क्षेत्र के बिचखाना गांव का रहने वाला है। सुशील सैनी ने पूछताछ में बताया कि वह फरीदाबाद की डबुआ फल मंडी (दुकान नंबर 62) में काम करता है। वह अपने माता-पिता को लेने गांव जा रहा था।

# दो बाइक की टक्कर, दो की मौत

## एक गंभीर घायल; सभी लोग तिलक समारोह में जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, दो बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान माधवपुर गौरीगंज निवासी संदीप कुमार शुक्ला और धम्मौर रामापुर हाजी पट्टी गांव निवासी नरेंद्र कुमार चौहान के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में धम्मौर रामापुर निवासी मुकेश चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भेंटुआ सीएचसी से सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। घटना मुंशीगंज के जामो-भादर चौराहे पर पूरब दुआरा गांव के पास हुई है। संदीप कुमार शुक्ला अपनी चाचा की लड़की के तिलक समारोह में शामिल होने सुल्तानपुर जा रहे थे। सुबह वह चेत पांडे का पुर तुलसीपुर स्थित ससुराल में अपनी पत्नी को छोड़कर निकले थे। परिवार में संदीप ही एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे; उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। उनकी पत्नी अरुणा शुक्ला और बेटे आयुष शुक्ला का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, नरेंद्र कुमार चौहान अपने साथी मुकेश के साथ अमेठी आलू का बीज लेने जा रहे थे। अमृतलाल के अनुसार, नरेंद्र चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई अरविंद मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, नरेंद्र की बाइक की गति काफी तेज थी। ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक सामने से आ रही संदीप की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेंद्र का शरीर करीब 15 फीट ऊपर उछल गया। दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सीएचसी हिलौली के चिकित्सकों द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीगंज में चलाया गया। मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव के निर्देश पर तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत सीएचसी हिलौली के चिकित्सकों द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को संदेश दिया गया। डॉ० अतुल कुमार व डॉ० सौरभ श्रीवास्तव ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीगंज के छात्रों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली कैंसर जैसी घातक बीमारियों से आगाह किया और उन्हें सजग रहते हुए ग्रामीण क्षेत्र के अपने अभिभावकों को भी जागरुक करने की सलाह दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, शिक्षकों में शिवम चौरसिया, सतीश कुमार, वंदना शर्मा, पल्लवी मिश्रा, संगीता, अर्चना, पुनीत आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत

## साथी घायल, टांडा-बांदा राजमार्ग पर हादसा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, मुंशीगंज थाना क्षेत्र में टांडा बांदा राजमार्ग पर शारदन गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के शारदन गांव के पास हुई। सूचना मिलते ही मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल भेटुआ सीएचसी में भर्ती कराया। मृतकों की पहचान धमोर निवासी मुकेश चौहान और संदीप शुक्ला के रूप में हुई।मुकेश चौहान अपने साथी नरेंद्र चौहान के साथ मोटरसाइकिल से सुल्तानपुर की ओर से मुंशीगंज जा रहे थे। दूसरी मोटरसाइकिल पर माधवपुर, थाना गौरीगंज निवासी संदीप शुक्ला सवार थे, जो सुल्तानपुर की तरफ किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। हादसे में मुकेश चौहान और संदीप शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरेंद्र चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए भेटुआ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है, जिसके बाद वे मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## संक्षेप

### पुलिस लाइन की बिजली से चल रही प्राइवेट फर्म

**मेरठ में सीएम ग्रिड योजना के काम के लिए आरसीसी कांट्रेक्टर कटवा रहा सरिया**

मेरठ, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आरसीसी कांट्रेक्टर द्वारा सीएम ग्रिड योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थानीय पार्षद पति रचित गुलाटी का आरोप है कि इसके लिए लंबे समय से पुलिस लाइन के गेट नंबर 5 में अस्तबल के पास पुलिस लाइन की बिजली से अवैध रूप से सरिया काटा जा रहा है। सिविल लाइन क्षेत्र के पार्षद पति रचित गुलाटी ने बताया कि इस योजना में चल रहे नाला निर्माण में भारी मात्रा में सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह सारा सरिया पुलिस लाइन से ही कट कर जा रहा है। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि यहां पुलिस लाइन की बिजली से ही यह फर्म काम कर रही है। रचित का आरोप है कि जब इस योजना का कार्य प्राइवेट फर्म द्वारा किया जा रहा है तो किस नियम के तहत सरकारी संपत्ति को इस्तेमाल करने की परमिशन कंपनी को दी गई। कंपनी अधिकारियों की मिलीभगत से कंपनी अपने सभी काम अवैध रूप से कर रही है। स्थानीय लोगों और पार्षद प्रतिनिधि का आरोप है कि निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा मानकों के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है ।

### अवैध मिनी कमेले पर छापा

**12 से अधिक कटे हुए पशु बरामद, एसपी सिटी ने की कार्रवाई**

मेरठ, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह की टीम ने लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के पिल्लोखड़ी पुल के पास एक अवैध मिनी कमेले पर छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान एक दर्जन कटे हुए पशु बरामद किए गए और गोदाम मालिक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। गुप्त छापेमारी में बरामदगी यह पूरी कार्रवाई गुप्त रूप से की गई, जिसकी सूचना लिसाड़ी गेट पुलिस को नहीं दी गई थी। एसपी सिटी की टीम ने कोतवाली और देहली गेट थानों के बल के साथ मिलकर इस छापेमारी को अंजाम दिया। मौके से भारी मात्रा में मांस भी जब्त किया गया। गोदाम और आरोपी ऊंचा सद्दीकनगर निवासी शोएब अबू बकर मस्जिद के निकट एक गोदाम में यह अवैध मिनी कमेला संचालित किया जा रहा था। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह को लंबे समय से इसकी शिकायतें मिल रही थीं।

### पुलिस ने 10 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को भेजा जेल**

बुलंदशहर , अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 10 वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पुलिस लंबे समय से इन वारंटियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद, थाना कोतवाली देहात में अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

# ग्रामीणों का आरोप नियम विरुद्ध की जा रही गैस सिलेंडर की बिक्री

## उपभोक्ताओ को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी, जल्द कार्यवाही की उठाई मांग

**अमन लेखनी समाचार**




गुरसरांय, झांसी। नगर व क्षेत्र के गैस उपभोक्ता इस समय गैस एजेंसी संचालक की मनमर्जी, अवैध कमाई के चलते बुरी तरह परेशान हैं और हफ्तों हफ्तों से गैस उपलब्ध न होने से रोजमर्रा की मुख्य आवश्यकता भोजन व्यवस्था बनाना दूभर हो गया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक झांसी जिले की गरौठा तहसील के गुरसरांय में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के संचालक छोटी गैस सर्विस एजेंसी उपभोक्ताओं को 10-15 दिनों से गैस होम डिलीवरी देना पूरी तरह बंद कर दिया है और गैस एजेंसी संचालक गैस को अधिक दामों में बेच सके को लेकर जब ट्रक आता है तो उसको गुरसरांय मऊरानीपुर रोड स्थित एजेंसी कार्यालय पर ट्रक रोककर रेट से अधिक दाम प्रति गैस सिलेंडर बिक्री कर देता हैं ताकि उसको अवैध कमाई हो सके। जिसके चलते आम उपभोक्ता बुरी तरह परेशान हैं। इसके पहले कल उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल से अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत की लेकिन गुरसरांय छोटी गैस सर्विस एजेंसी संचालक अपनी ऊंची पहुंच के चलते तथा अधिकारियों की मिली भगत के चलते गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने से अपनी तानाशाही कार्यशैली में बदलाव न कर लगातार जनता का शोषण कर रहा है। 18 नवंबर मंगलवार को भी सरकार के नियम विरुद्ध गैस एजेंसी संचालक ने मनमाफिक रुपया वसूल कर पास के उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर न देकर कालाबाजारी की चर्चा जोरो पर रही। बताते चलें इस एजेंसी का गैस गोदाम स्टॉक गुरसरांय से 3 किलोमीटर दूर अड़जरा ग्राम में हैं और गैस वही उतरना चाहिए लेकिन उक्त गैस संचालक शासन के नियम विरुद्ध गुरसरांय टाउन क्षेत्र मऊरानीपुर रोड स्थित छोटी गैस एजेंसी कार्यालय पर गैस सिलेंडर का भरा ट्रक गैर कानूनी ढंग से उतराकर जहां बस्ती में कभी भी कोई आगजनी से दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहीं आम उपभोक्ताओं को ठगा व परेशान किया जा रहा है जिसका जिंदा प्रमाण गैस सिलेंडर बिक्री का ऑनलाइन भुगतान ग्राहकों से बहुत कम किया जाता हैं इसके 3 माह के ऑनलाइन गैस सिलेंडर बिक्री के रिकॉर्डों की जांच की जाए तो बड़ा गोलमाल साबित हो रहा है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश शासन की छवि पर भी भट्टा लग रहा है। नगर व क्षेत्र के आम उपभोक्ताओं ने इस संबंध में जल्द बड़ी कार्यवाही की जिला प्रशासन व शासन मांग की है। साथ ही इस जांच में उच्चस्तरीय टीम गठित करने की भी पहल की है।

# पीडीए ने 20 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की

## यूनाइटेड मेडिसिटी के पास कार्रवाई, कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने झलवा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने यूनाइटेड मेडिसिटी के पास लगभग 20 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान जोन-2 और उपजोन-2फ के तहत जोनल अधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया। पीडीए के अनुसार, मकबूल, नयन सिंह, राम सिंह, जय सिंह यादव, जिलाजीत यादव, मोहम्मद अरशद, बत्ती यादव और उनके सहयोगी इस अवैध प्लॉटिंग में शामिल थे। इन पर बिना किसी अनुमति के जमीन को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर बेचने का आरोप है। पीडीए की टीम ने मौके पर जेसीबी मशीनों का उपयोग कर सभी अवैध रूप से काटे गए भूखंडों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले माफियाओं के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की जा रही है। भविष्य में ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं। पीडीए ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग, निर्माण या बिक्री की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी के साथ-साथ अवर अभियंता, सुपरवाइजर, पीडीए प्रवर्तन टीम और थाना एसओएस के पुलिस दल की मौजूदगी में संपन्न हुई। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को चेतावनी दी कि अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य मास्टर प्लान के विपरीत होने वाले अवैध कब्जों, कटानों और निर्माण पर अंकुश लगाना है। पीडीए प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी जमीन की खरीद-बिक्री से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। प्राधिकरण ने केवल अनुमोदित परियोजनाओं में ही निवेश करने की सलाह दी है। अवैध प्लॉटिंग में निवेश से आर्थिक नुकसान के साथ-साथ कानूनी जोखिम भी हो सकता है।

# बार में परिवार कुटुंब गोष्ठी का आयोजन

## अधिवक्ताओं ने पारिवारिक एकता पर विचार रखे

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, जिला बार एसोसिएशन की ओर से महात्मा गांधी सभागार में अधिवक्ता मिलन समारोह कुटुंब प्रबोधन विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के सह विभाग संचालक विनोद भारती और विनीत कौशल रहे। विभाग प्रचाकर, सहविभाग संघचालक, डीजीसी केके चौबे और महानगर कार्यवाहक ने परिवार के मूल्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट दिनेश राय की रही। संचालन एडीजीसी मोहित गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक विनीत कौशल ने कहा कि परिवार विच्छेदन के कारण रिश्तों में उदासीनता व्याप्त हो रही है। इसके लिए बच्चों को संस्कार सही नहीं मिलना है। जिसके चलते परिवार टूट रहे हैं। प्रेम खत्म हो रहा है। मुख्य अतिथि विनोद भारत ने कहा कि समाज में अधिवक्ता समाज सदैव से सकारात्मक अग्रणी भूमिका में रहा है। डीजीसी क्रिमिनल केके चौबे ने कहा कि अभिभावक को अपने बच्चों को सही शिक्षा देनी चाहिए।

# विधायक की अगवाई में प्रारंभ हुई रन फॉर यूनिटी जागरूकता यात्रा

## अमौली कस्बा पहुंचने से पहले ही एक गेस्ट हाउस में समाप्त हुई यात्रा

### चिन्हित सरदार पटेल पार्क में हुआ वृक्षारोपण

**अमन लेखनी समाचार**




अमौली, फतेहपुर जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत विधानसभा मुख्यालय जहानाबाद से रन फॉर यूनिटी जागरूकता यात्रा निकाली गई क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल की अगुवाई में निकाली गई पदयात्रा जहानाबाद से अमौली कस्बे की ओर चली जहां क्षेत्रीय विधायक के साथ सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व समाजसेवी पदयात्रा में शामिल रहे जगह-जगह स्वल्पाहार पेयजल की व्यवस्था रही तथा क्षेत्र के कलाना लहुरी सराय बिरनई आदि से निकली पदयात्रा में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करते हुए सभी पद यात्रियों का भव्य स्वागत किया 10 किलोमीटर की पदयात्रा भ्रमण करते हुए यात्रा अमौली कस्बे पहुंचने से पहले ही एक गेस्ट हाउस में संपन्न हो गई वहीं गेस्ट हाउस अंतर्गत आयोजित जनसभा कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य प्रांशू दत्त द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन के साथ देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि समेत मंच पर विराजमान भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश बाजपेई रेखा मिश्रा आदि सभी का अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता डॉ राम भक्त वर्मा साहब सिंह गौतम बैजनाथ वर्मा दीपक वर्मा श्रीकांत उत्तम सर्वेश तिवारी शिव शंकर तोमर आदि ने माल्यार्पण अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने आजादी के पश्चात देश के प्रथम गृहमंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभाने वाले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 500 से अधिक रियासतों को जोड़कर अखंड भारत के निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका अदा की थी जबकि कुछ लोगों ने उनके इस सराहनीय योगदान को सदैव नजरअंदाज किया विपक्ष के लोगों ने देश की ऐसी महान मूर्ति को मिलने वाले सम्मान से भी वंचित कर दिया कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल जिला मंत्री रेखा मिश्रा क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल समेत अन्य कई जिम्मेदार पदाधिकारी ने अपने-अपने संबोधन में सरदार पटेल जैसी महान विभूति का विस्तृत परिचय देते हुए अखंड भारत के निर्माण हेतु संपूर्ण आम जनमानस से अपील की कार्यक्रम के पश्चात कस्बे पहुंचे विधायक राजेंद्र पटेल ने कस्बे में चिन्हित मुख्य चौराहे की समीप सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में छायादार तथा औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया इस मौके पर पदयात्रा के दौरान उपर्युक्त सभी सदस्यों के साथ अन्य क्षेत्रीय समाज सेवी भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ नेता अवधेश मिश्रा राजेश सिंह चौहान जयंती वर्मा मोना शुक्ला उत्प्रेक्षा त्रिवेदी प्रज्ञा गुप्ता मनु मिश्रा सोमवती निषाद सोमेश्वर पटेल शिव गुप्ता अमौली ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर शुभम ठाकरे समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा नागरिक मौजूद रहे आए हुए सभी अतिथियों का अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सादर आभार व्यक्त किया पदयात्रा के दौरान जहानाबाद क्षेत्र के पुलिस प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्र में पहुंचने पर चांदपुर थाना अध्यक्ष विनोद पटेल अमौली कस्बा प्रभारी दिग्विजय सिंह समेत भारी पुलिस बल जगह-जगह मौजूद रहा

# सीएम ग्रिड निर्माण में घर की दीवार गिरी

**डीआईजी आवास के सामने हादसा हुआ, लोग बोले-बड़ी जनहानि हो सकती है**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, डीआईजी आवास के सामने चल रहे सीएम ग्रिड योजना के तहत निर्माण कार्य के दौरान एक मकान की दीवार गिर गई । मकान मालिक और स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानकों को अध किनारे करते हुए यह कार्य किया जा रहा है जिस कारण यह हादसा हुआ। समाजसेवी और वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप पहल ने बताया कि इस योजना में कोई भी मानक पूरा नहीं कर रहे हैं। जहां एक तरफ दीवार गिर गई है तो वहीं दूसरी ओर खड़ा एक बहुत पुराना पेड़ भी मिट्टी के कटान के कारण झुक गया है जो कभी भी मकान पर गिर सकता है जिस कारण इस मकान के साथ साथ आसपास में रहने वाले परिवारों में भी जनहानि का खतरा बना हुआ है। स्थानीय पार्षद पति रचित गुलाटी ने बताया कि वार्ड में सीएम ग्रिड योजना के तहत काम चल रहा है । मकान की दीवार गिरने की सूचना पर मौके पर पहुंचा और निगम के अधिकारियों से भी बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर रहे हैं निर्माण में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। संदीप पहल ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना में लगातार लापरवाही की जा रही है। इसको लेकर हम आवाज उठाते आ रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी या अन्य संबंधितों का इस समस्या की और कोई ध्यान नहीं है। कर्मचारियों की लापरवाही यहां जनहानि का बड़ा कारण बन सकती है।

# सड़क सुरक्षा वॉकथॉन का आयोजन

## यातायात जागरूकता माह में जनप्रतिनिधियों से लेकर स्कूली बच्चों तक ने बढ़ाया कदम

**अमन लेखनी समाचार**




गाजियाबाद, यातायात जागरूकता माह के तहत कमिश्नरेट पुलिस ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों को बढ़ावा देना और सड़कों पर बढ़ रहे हादसों में कमी लाना था। वॉकथॉन कविनगर रामलीला मैदान से शुरू हुआ, जिसमें शहरभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आम नागरिकों के साथ सांसद, विधायक, नगर आयुक्त, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एसीपी और कई विभागों के अधिकारी भी लोगों के साथ कदम से कदम मिलाते चले। कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड लिमिट और ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि इन छोटे-छोटे नियमों से अनगिनत हादसों को रोका जा सकता है। वॉकथॉन में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र, कॉलेजों के युवा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े पोस्टर व स्लोगन के साथ लोगों को नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मंच से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने जैसे नियमों पर विशेष जोर दिया गया। कविनगर मैदान में स्कूली बच्चों और युवा कलाकारों ने सड़क हादसों पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें दिखाया गया कि कुछ सेकंड की लापरवाही कैसे किसी की जिंदगी बदल सकती है। वॉकथॉन में शामिल खिलाड़ियों, समाजसेवियों और स्थानीय कलाकारों ने भी मंच से लोगों को जागरूक किया। लोकगायकों और खेल जगत से जुड़े प्रतिभागियों ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों की भी जिंदगी को खतरे में डालना है।

# चौकी इंचार्ज और दरोगा लाइन हाजिर

## रेप पीड़िता के आरोप के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**




बुलंदशहर, रेप पीड़िता के आरोपों के बाद एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। रिश्वत लेने के आरोप में चौकी इंचार्ज और दुष्कर्म के आरोप में दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई खुर्जा की एक रेप पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद हुई। पीड़िता ने रिसालदरान चौकी प्रभारी शुभम राठी पर उसके पति को छोड़ने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। साथ ही, उसने दरोगा इकराम पर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप भी लगाया था। इसके बाद एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी शुभम राठी और दरोगा इकराम को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने जिले के 22 निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया। इसमें तीन इंस्पेक्टर समेत 20 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया गया है। स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह और सुदेश कुमार को पुलिस लाइन से अतिरिक्त उप निरीक्षक खुर्जा नगर भेजा गया है। खुर्जा नगर में तैनात इंस्पेक्टर दिग्विजय नाथ शाही को पुलिस लाइन भेजा गया है। अन्य उप निरीक्षकों में नितीश भारद्वाज को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक खुर्जा नगर, संजीव त्यागी को पुलिस लाइन से गुलावठी थाना, गुरुवचन सिंह को पुलिस लाइन से थाना खुर्जा नगर, अनोखेलाल को पुलिस लाइन से थाना अगौता, हवलदार सिंह को पुलिस लाइन से थाना अरनिया, नीरज मलिक को पुलिस लाइन से थाना खुर्जा देहात, महीपाल सिंह को पुलिस लाइन से सलेमपुर, अवनीश राणा को पुलिस लाइन से थाना नरौरा, नीरज त्यागी को पुलिस लाइन से थाना शिकारपुर, सौरव कुमार को पुलिस लाइन से थाना सिकंदराबाद, सचिन कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली सिकंदराबाद और दल सिंह को पुलिस लाइन से थाना खानपुर भेजा गया है।

# रेलवे लाइन किनारे मिला शव

## मृतक की शिनाख्त में जुटी, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमन लेखनी समाचार**




बागपत, खेकड़ा थाना क्षेत्र के घिटोरा गांव में रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला है। देर रात स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव बुरी तरह सड़ा-गला हुआ था और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव का निरीक्षण किया। शव की हालत देखकर यह स्पष्ट था कि युवक की मौत काफी समय पहले हुई होगी। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव लगभग 20-25 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। युवक का एक पैर टूटा हुआ मिला है, जिससे पुलिस को आशंका है कि वह चलती ट्रेन से गिरा होगा या किसी दुर्घटना का शिकार हुआ होगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए बागपत पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और गुमशुदगी दर्ज कराने वालों से संपर्क कर रही है। इसके अलावा, पुलिस ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त जल्द से जल्द कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जा सके।

# बच्चों को संदिग्ध पदार्थ पिलाने का आरोप

**ढीकोली में हिंदू संगठनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

**अमन लेखनी समाचार**



बागपत, ढीकोली गांव में कथित तौर पर बच्चों को पानी में संदिग्ध पदार्थ मिलाकर पिलाए जाने के मामले ने तनाव पैदा कर दिया है। इस घटना के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी और बजरंग दल के कार्यकताओं ने गांव में प्रदर्शन किया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह घटना चांदनी नगर थाना क्षेत्र के ढीकोली गांव में दो दिन पहले हुई थी। आरोप है कि गैर समुदाय के कुछ बच्चों ने हिंदू समुदाय के बच्चों को पानी में संदिग्ध पदार्थ मिलाकर पिलाया था। जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया। प्रदर्शनकारी कार्यकताओं ने इस संवेदनशील मामले में गंभीरता से जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी बच्चे या परिवार की लापरवाही या दुर्भावना सामने आती है, तो कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकना है। कार्यकताओं ने थाना पुलिस से पीड़ित परिवारों की शिकायत को प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। प्रदर्शन के दौरान, कार्यकताओं ने ढीकोली गांव में शांतिपूर्ण मार्च निकाला। उन्होंने प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों के बीच की गलतफहमियों को सामाजिक तनाव का रूप नहीं लेने देना चाहिए, और पुलिस तथा प्रशासन को समय रहते तथ्यों की पुष्टि करनी चाहिए। चांदनी नगर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और बच्चों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, फिलहाल स्थिति शांत है और गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जांच पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित होगी और किसी भी तरह की अफवाह या भड़काऊ बयानबाजी पर सख्ती से नजर रखी जाएगी।

## संक्षेप

### हरदोई में एक लाख नए आयुष्मान कार्ड बने; 12.40 लाख लाभार्थी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हरदोई जिले में 16 अगस्त से 16 नवम्बर 2025 के बीच एक लाख से अधिक नए कार्ड बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवनाथ पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों की टीमों ने घर-घर जाकर यह उपलब्धि हासिल की।अब तक जिले में लगभग 12 लाख 40 हजार आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जबकि लक्ष्य 21 लाख से अधिक है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सरकारी और निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में ?5 लाख तक का निशुल्क उपचार मिलता है। अब तक लगभग 82,500 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपना उपचार कराया है।

### जिलाधिकारी ने सुनी 65 शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की 65 शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई में शिकायतों के समाधान के साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिला; आज 01 महिला को निराश्रित महिला पेंशन और 02 बच्चों को बाल सेवा योजना से जोड़ा गया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को राजस्व कर्मियों के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, राजस्व विभाग को उत्तराधिकार और कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी भी आवेदन को लंबित न रखने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

# जागरूकता की अलख जगाएंगे, डायरिया को दूर भगाएंगे : सीएमओ

**सीएमओ ने किया ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम का शुभारम्भ**

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



मुजफ्फरनगर ।शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जन स्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम का मंगलवार को एक स्थानीय होटल में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने की। उन्होंने कहा कि जन-जन में जागरूकता की अलख जगाते हुए जनपद से डायरिया को दूर भगाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। आशा कार्यकताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं का क्षमतावर्धन किया जाएगा जो कि दस्त प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इसके अलावा बच्चों में ओआरएस और जिंक का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा, डायरिया की शीघ्र पहचान करने के साथ ही मामलों के उच्च कवरेज और प्रबन्धन को बढ़ावा दिया जाएगा।

ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जायेंगे। ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा।

इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अलका सिंह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित ओआरएस को दस्त के इलाज के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड माना गया है। डायरिया की शुरूआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है।24 घंटे में यदि तीन बार पतली दस्त आ रही है तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं और यह लम्बे समय तक बनी रहे तो यह गंभीर डायरिया का रूप ले सकती है। निजी क्षेत्र में अब लिक्विड के रूप में निर्मित ओआरएस का घोल उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन से एसएमओ डॉ. ईशा ने रोटा वायरस वैक्सीन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराएँ और छह माह तक बच्चे को मां के दूध के अलावा कोई भी बाहरी चीज न दें। मुजफ्फरनगर में इस पहल के शुभारंभ पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय साही ने कहा कि डायरिया को रोकने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना भी जरूरी है। पीएसआई इंडिया से मैनेजर प्रोग्राम कोमल ने उत्तर प्रदेश के 13 जिलों मे चल रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी। मुजफ्फरनगर में इस पहल के शुभारंभ पर केनव्यू के सेल्फ केयर बिजनेस यूनिट हेड, प्रशांत शिंदे ने कहा कि सरकार के डायरिया रोको अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से 'डायरिया से डर नहींह्व की एक बहुवर्षीय पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित बनाना है। इसमें ओआरएस के कवरेज के विस्तार पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए डॉ. दिव्यांक दत्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक, जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी डॉ. गीतांजलि, अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर प्रवीण पाल, पीएसआई इंडिया से भारती रावत, शोभित सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।

### भयंकर जाम से झूझते रहे यात्री, डायल हंड्रेड पुलिस ने संभाला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। कस्बे के मुख्य चौराहे पर जाम लगने से यात्री करीब आधे घंटे तक परेशान बने रहे। डायल हंड्रेड पुलिस ने होमगार्ड के साथ जाम खुलवाने में जुटी तब जाकर यातायात बहाल हुआ। ऐसे में ट्रेफिक पुलिस नदारद दिखी। मल्लावां कस्बे में सुबह शाम जाम से यातायात प्रभावित होना अब आम बात हो गई। जाम का मुख्य कारण सड़कों के किनारे खडे रहने वाले दो पहिया, ई-रिक्सा, सीएनजी ऑटो, बस आदि खडे रहने से एक पट्टी पूरी तरह से प्रभावित होने से वाहनों की लम्बी कतारें लग जाती है। जिससे जाम लग जाता है। बैंको के बाहर सड़क पर बाइक खडे रहने से भी जाम जैसी समस्या बनी रहती है। मंगलवार को शाम 3 बजे से लेकर 3.30 तक कटरा - बिल्हौर और संडीला -मेहंदीघाट रोड पर जाम बना रहा। एक मात्र होमगार्ड ही यातायात पर कंट्रोल करने में लगा रहा।

## गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट का पंच दिवसीय नि:शुल्क पूरक चिकित्सा शिविर लगा

**–दमन में सप्त दिवसीय 21 कुंडीय शिव शक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट द्वारा दमन में आयोजित सप्तदिवसीय 21 कुंडीय शिवझ्रशक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर ११ से १५ नवम्बर तक पंच दिवसीय निःशुल्क पूरक चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक परम पूज्य बहन हेमलता सखी जी के दिव्य सानिध्य में चल रहे इस महायज्ञ में जनकल्याण को सर्वोच्च महत्व दिया गया, जिसमें दूर-दूर से आए सैकड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हुए। इस चिकित्सा शिविर की विशेषता यह रही कि योगदर्शनाचार्य स्वामी ध्यानानंद जी तथा गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक, अथर्ववेद धूपन चिकित्सा के अध्यक्ष और विख्यात समाजसेवी रवि प्रकाश चौबे जी ने स्वयं उपस्थित होकर प्राकृतिक आयुर्वेदिक चिकित्सा, योग चिकित्सा एवं फीजियोथेरेपी के माध्यम से सैकड़ों असाध्य रोगियों का उपचार किया। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि रवि प्रकाश चौबे जी लगभग 1800 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके गुप्तकाशी से दमन/दिऊ पहुँचे और बिना किसी विश्राम के लगातार अनेक रोगियों की सेवा में जुटे रहे। उनकी इस त्यागमयी सेवा भावना से पूरा परिसर भाव-विभोर हो उठा। आयोजन समिति के अनुसार, शिविर में–पुरानी दर्द एवं नस-जोड़ संबंधी तकलीफें स्नायविक समस्या, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, श्वसन संबंधी परेशानियाँ तथा अन्य जटिल रोगों का प्राकृतिक व योग आधारित उपचार किया गया। शिवझ्रशक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ के साथ-साथ परम पूज्य कथा व्यास हेमलता सखी जी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा भी प्रतिदिन चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं। गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट का यह मानवझ्रकल्याणमयी प्रयास समाज में स्वास्थ्य, सेवा और अध्यात्म की त्रिवेणी को सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है।

# खनन हादसे की न्यायिक आयोग से हो जांच - एआईपीएफ

**खनन में चल रहे सिंडिकेट पर श्वेत पत्र लाए योगी सरकार**

**मजदूरों को पर्याप्त मुआवजा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी में हुए खनन हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की जिला कमेटी ने खनन हादसे की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित न्यायिक आयोग द्वारा जांच कराने की उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है। एआईपीएफ के जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका ने बताया कि संगठन की तरफ से लिए राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया है कि सन 2000 से भाजपा राज में शुरू हुआ अवैध खनन का कारोबार आज सिंडिकेट के हवाले हो गया है। यहां हो रहे खनन कारोबार के तार सभी सरकारों में मुख्यमंत्री कार्यालय तक जुड़े रहे हैं। इस खनन में माइन्स सेफ्टी एक्ट का खुला उल्लंघन होता है। मानक से ज्यादा गहरा खनन करके भयंकर खाई बना दी गई है। कहीं भी एनजीटी के आदेश पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं होता और बार-बार जिला प्रशासन और श्रम विभाग से कहने के बावजूद खनन में लगे हुए मजदूरों का भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण नहीं किया गया। उनकी सामाजिक और जीवन सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है और खनन ब्लास्टिंग में नियमों का उल्लंघन करते हुए अकुशल श्रमिकों को लगा दिया जाता है। पूरे सोनभद्र की नदी, पहाड़, जंगल, विकास के मदों को गुजरात से आए सिंडिकेट ने लूट लिया है और प्राकृतिक संपदा का भयंकर दोहन जिले में हो रहा है। आश्चर्य यह है कि खुद मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम से चंद किलोमीटर दूरी पर बिल्ली मारकुंडी में इतना दर्दनाक हादसा होता है और दो दिन बीत जाने के बावजूद आज तक खदान में दबे सभी मजदूरों को निकाला नहीं जा सका और उनके लिए मुआवजे तक की घोषणा नहीं हुई। इसलिए भाजपा के शासन-प्रशासन और तमाम नेताओं की बयानबाजी में यदि ईमानदारी है तो उन्हें सोनभद्र में हो रही लूट के केंद्रक सिंडिकेट पर श्वेत पत्र लाना चाहिए। एआईपीएफ ने यह भी कहा है कि खनन में हताहत हुए मजदूरों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए, पूरे खनन को सरकारी क्षेत्र में चलाया जाए और एनजीटी व माइंस सेफ्टी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन किया जाए और इस खनन हादसे के जो भी दोषी हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

## चुप्पी तोड़; हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।बाल मित्र केंद्र कोतवाली, देहात हरदोई कार्यक्रम समाधान अभियान₹ एवं ₹इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड₹ के संयुक्त प्रयास से संचालित ₹चुप्पी तोड़; हल्ला बोल₹ परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 18 नवम्बर को मनाए जाने वाले ₹बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार एवं हिंसा की रोकथाम और उपचार दिवस₹ के अवसर पर, बाल मित्र केंद्र कोतवाली, देहात हरदोई द्वारा ₹ पाक्सो पीड़ित बच्चों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीड़ित बच्चों व उनके परिवार को यह विश्वास दिलाना था कि वे समाज का अभिन्न अंग हैं। इस प्रयास का लक्ष्य उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर, एक सुरक्षित वातावरण में जागरूकता, मनो-सामाजिक सहयोग तथा उनके अधिकारों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना था ।कार्यक्रम का संचालन समाधान अभियान के समन्वयक सूरज शुक्ला और प्रियांशु अवस्थी जी के द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों और उपस्थित अभिभावकों को पाक्सो एक्ट, 2012, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, बाल संरक्षण तंत्र और उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में सरल एवं प्रभावी रूप से समझाया।

### कूटरचित दस्तावेजों से जमीन की ठगी, 1 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। के थाना हरपालपुर पर पीड़ित राधेश्याम सिंह (निवासी पूरनपुर मजरा तिथिगाँव) ने तहरीर दी थी कि मौजीराम उर्फ मौजीलाल (निवासी मिसुरनपुरवा, थाना सवायजपुर) सहित 03 नामजद और 01 अज्ञात अभियुक्तों ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की। अभियुक्तों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और एक महिला का नाम बदलकर उसे मौके पर खड़ा करके वादी को जमीन का बैनामा करा दिया और पैसे ले लिए। इस संबंध में थाना हरपालपुर पर पुलिस ने मामले में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के कार्यकताओं पर पदधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त जय शिव एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में हरदोई जनपद में भ्रष्टाचार के पर्याय बने ए आर सहकारिता एवं रसद, खाद के दो कर्मचारी क्रमशः मनोज शर्मा एवं धर्मेंद्र के विरुद्ध जिला अधिकारी को शिकायती पत्र कार्रवाई हेतु मांग पत्र सोपा गया ।इस अवसर पर संयुक्त अधिवक्ता परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह ने बताया जनपद के किसानो का शोषण लगातार जारी है उन्होंने बताया सरकार का रवैया पारदर्शी, किसान हित में है परंतु उक्त स्थानीय कर्मचारी के लापरवाही और भ्रष्टाचारी नियति वास्तव में किसान हित में घातक है यदि शीघ्र ही उक्त भ्रष्ट कर्मचारियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं लिखी गई तो संयुक्त अधिवक्ता परिषद सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन चलाएगा इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवा गुप्त जय शिव एवं जिला संगठन मंत्री अधिवक्ता शुभम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता विजय कुमार गुप्ता, जिला मंत्री अधिवक्ता विनय कुमार गुप्ता जिला मंत्री अधिवक्ता अमर सिंह, जिला प्रचार मंत्री अधिवक्ता अंकित गुप्ता, संयुक्त मानवाधिकार परिषद के प्रदेश प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह बबलू सहित दर्जन पदाधिकारी ने जिला अधिकारी को मांग पत्र प्रेषित कर आक्रोश के साथ कार्रवाई की मांग की है।

## खितौली में आयोजित रेजांगला शौर्य दिवस के अवसर पर विधायक ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष आदरणीय अशोक अग्निहोत्री जी के संयोजन में विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड भरखनी के ग्राम खितौली में आयोजित रेजांगला शौर्य दिवस के अवसर पर लोकप्रिय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के गौरव वीर शहीद स्मृति शेष राजबहादुर सिंह यादव की पुण्य स्मृतियों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय जी के भाई मदन मोहन पाण्डेय जी कैप्टन वीर अब्दुल हमीद जी सुपौत्र जमील आलम जी सैनिक बोर्ड के जिला अधिकारी कर्नल ओ पी मिश्रा जी कार्यक्रम के संयोजक गणों में सुहाना जैन जी, सर्वेंद्र सिंह सोमवंशी जी, पुष्पेन्द्र सिंह जी, महेन्द्र पाल सिंह जी सहित उपजिलाधिकारी मयंक कुंडू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित जी एवं संचालक महेश मिश्रा जी सहित अन्य प्रमुख आगन्तुक अतिथि गण उपस्थित रहें।

### महिला अपराधों एवं घरेलू हिंसा की दर्ज करायें शिकायत

**महिलायें डरें नही, डटकर करें मुकाबला**

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।यातायात एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को सीएचसी में पुरुषों व महिलाओं को जागरूक किया है। उपनिरीक्षक महेश यादव ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना न भूलें। जिससे अपनी और परिवार की सुरक्षा है। क्योंकि जब घर का कोई भी व्यक्ति बाइक से कही बाहर जाता हैं तो उसकी पत्नी और बच्चे परिवार के लोगों को उस व्यक्ति की चिंता बनी रहती है। हेलमेट लगाने से कई लोगों की जान बच चुकी है। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें ।महिला उप निरीक्षक अंजना सचान ने कहा कि यदि किसी महिला कोई दिक्कत हो तो वह डायल 112,1090 पर कॉल कर सकती है। महिला बाजार या शहर में अकेले हैं। उसे अपने घर तक जाने का साधन नहीं मिला है। तो डायल 112 पर कॉल करें। उसकी सहायता की जाएगी ।महिला को किसी भी प्रकार की समस्या है ।वह थाने पर आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं साइबर फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करायें। इस मौके पर उप निरीक्षक शमशेर खॉ मौजूद रहे।

### हरदोई में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत: पिता गंभीर घायल, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।कोथावां विकासखंड के नरामदनापुर गांव में एक सड़क दुर्घटना में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पिता का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है ।अतरौली थाना क्षेत्र के नरामदनापुर निवासी अंशु (25) अपने पिता महेश (50) के साथ सोमवार देर रात बहन पूनम के ससुराल बमरौली जा रहे थे। कोथावां रोड पर बौरिया खेड़ा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भीषण थी कि अंशु की मौके पर ही मौत हो गई। महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। अंशु तीन बहनों में अकेला भाई था और उसकी शादी सात महीने पहले ही मेघा से हुई थी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक अंशु के शव का

## हरदोई में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक सम्पन्न: जैविक खेती व गंगा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने पर जोर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, गंगा समिति, व पर्यावरण के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।सीडीओ सान्या छाबड़ा ने अधिकारियों को जैविक खेती व गंगा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता पर जोर दिया जाए। जुलाई माह में हुए वृहद वृक्षारोपण के पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया ।बैठक में गीले कचरे के उपचार हेतु वेट कंपोस्टिंग पिट्स की कार्यात्मक स्थिति, प्लास्टिक अपशिष्टों का प्रबंधन (सड़क निर्माण, ऊर्जा निर्माण आदि में), तथा कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिमालिशन वेस्ट के उचित निस्तारण पर बल दिया गया ।गंगा समिति के अंतर्गत, गंगा किनारे स्थित शव दाह गृहों का संचालन विद्युत से करने, गंगा ग्रामों में किसानों को जैविक खेती हेतु प्रेरित करने, तथा रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव पर जन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। समस्त डाइंग प्लांट्स से निकलने वाले तरल अपशिष्ट की गुणवत्ता जांचने और मानक अनुरूप न होने पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया ।बैठक में डीएफओ जेबी शैन्डे, डीपीआरओ विनय सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शेल्टर होम की वैकल्पिक व्यवस्था होने तक भटकते कुत्तों पर कार्रवाई न की जाए

**मुंबई यूथ कांग्रेस और पशुप्रेमी संगठनों का शिवाजी पार्क परिसर में भटकते कुत्तों पर कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार

मुंबई, अदालत के आदेश के बाद मुंबई में भटकते कुत्तों पर अत्यंत जल्दबाजी में और अन्यायपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। इसी के विरोध में आज शिवाजी पार्क परिसर में मुंबई यूथ कांग्रेस और पशुप्रेमी संगठनों की ओर से प्रदर्शन किया गया। मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष जीनत शबरीन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और पशुप्रेमी संगठनों के कार्यकताओं ने शिवाजी पार्क परिसर में भटकते कुत्तों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का तीव्र विरोध व्यक्त किया। इस दौरान बोलते हुए जीनत शबरीन ने कहा कि भटकते जानवर अपने लिए आवाज नहीं उठा सकते। उनके साथ क्रूरता करना उचित नहीं है। ज़िम्मेदार नागरिकों के रूप में मानवता, करुणा और न्याय के मूल्यों की रक्षा करना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। भटकते कुत्तों को हटाने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का आधार लेकर मुंबई में कार्रवाई शुरू की गई है; लेकिन यह आदेश अत्यंत व्यापक है, और इसकी प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उचित तंत्र, शेल्टर, चिकित्सा सुविधाएँ और अइउ केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। किंतु वैकल्पिक व्यवस्था खड़ी किए बिना की जा रही कार्रवाई अमानवीय, अव्यवहारिक और अन्यायकारक है। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी का मुद्दा उठाते ही इस तरह की कार्रवाइयों के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जाती है। जैसे दादर में कबूतर खाने के मुद्दे पर वैकल्पिक व्यवस्था खोजी गई, वैसे ही भटकते कुत्तों के लिए भी सरकार को उचित विकल्प उपलब्ध कराना आवश्यक है। ये जानवर भी इस शहर का हिस्सा हैं; इन्हें भी जीने का अधिकार है। मुंबई यूथ कांग्रेस पशुप्रेमियों, पशु अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों और संवेदनशील मुंबईकरों के साथ मजबूती से खड़ी है, ऐसा शबरीन ने कहा।

## आर वी एस मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट: आर आर इंटर कॉलेज ने जीता फुटबॉल फाइनल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल, नघेटा रोड हरदोई में चल रहे राकेश विक्रम सिंह मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का फाइनल फुटबॉल मैच 17 नवम्बर, 2025 को खेला गया। फफ इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में फफ इंटर कॉलेज ने सेंट जेवियर्स को 3-0 से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट जीत लिया ।आर आर इंटर कॉलेज ने पहले हाफ में 1 गोल और दूसरे हाफ में 2 गोल दागकर एकतरफा जीत दर्ज की। सेंट जेवियर्स की टीम किसी भी स्तर पर संघर्ष करती नहीं दिखी। टूनामेंट में ताज को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि किशन जी (संगठन मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विशिष्ट अतिथि अजय कुमार शुक्ल (प्रधानाचार्य, आर आर इंटर कॉलेज) ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कनुप्रिया सिंह (उपप्रबंधक, बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल) ने की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सत्येन्द्र सिंह और एकेडमिक हेड डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने अतिथियों का सम्मान किया। रेफरी की भूमिका हंसराज कुशवाहा, हबीबउल्ला, सर्वेश चौहान और श्याम नरायण त्रिवेदी ने निभाई।

## न्याय पंचायत बमटापुर की शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन

**बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। न्याय पंचायत बमटापुर की शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन प्रा०वि० तड़ौरा में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ शिक्षक संकुल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक विद्यालयों को निपुण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं शिक्षक संकुल आदर्श कुमार ने सीख की गतिविधि पर आधारित शिक्षण, अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नियोजन, निपुण विद्यालय आंकलन प्रभावी कार्य योजना, इको क्लब पर चर्चा, टी एल एम निर्माण पर चर्चा व विद्यालय साझा सीख सत्र पर अपने विचार रखे संकुल शिक्षक आकाश कटियार ने भी अपने विचार रखे इस अवसर ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षक शुभम यादव, अभिषेक सिंह, नरेंद्र सिंह व नीलम देवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया संचालन अजीत शुक्ल ने किया बैठक में चंद्रपाल, श्यामा कुमार, दुर्गेश तिवारी, प्रभाकर मिश्र, विजय वर्मा, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह, रामरक्ष पाल ,अमन श्रीवास्तव, सारिक ,आलोक राजपूत, प्रेम सिंह ,रामऔतार, सुमन, बालमुकुंद ,शिवम सिंह, राकेश कुमार ,श्रीराम, राजपाल सिंह गफ्फार अली, पंकज सचान आदि रहे


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# सोशल बनिए-हैप्पी रहिए लंबी उम्र भी पाइए

आज जिसको देखो वही एक अकेलापन महसूस करता है। इसके पीछे आधुनिक जीवनशैली के साथ व्यक्ति का अपना स्वभाव बहुत मायने रखता है। हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं, जबकि शोध बताते हैं, व्यक्ति को सोशल जरूर होना चाहिए, फैमिली मेंबर्स ही नहीं, फ्रेंड्स, रिलेटिव्स से हमेशा जुड़े रहना चाहिए, यह तन-मन के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बात पर दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक बहुत बल देते हैं।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

आज के समय में अकेलापन एक बढ़ती हुई चिंता का विषय बन गया है। कहने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भले ही आपके हजारों फॉलोअर्स और फ्रेंड्स हों, लेकिन रियल लाइफ के सोशल सर्किल और फ्रेंड्स के बिना किसी भी व्यक्ति की जिंदगी अधूरी है। क्योंकि वर्चुअल फ्रेंड कभी काम नहीं आते, हर अच्छे-बुरे समय में हमेशा नजदीकी स्नेही स्वजन ही काम आते हैं। मनोवैज्ञानिक भी मान चुके हैं, जीवन में जिंदादिल लोगों और दोस्तों का होना बेहद जरूरी है। लंबी आयु और शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा सामाजिक दायरा और दोस्त बेहद जरूरी हैं। कई अध्ययन हो चुके हैं, जिनमें बताया गया है कि सामाजिक रूप से सक्रिय रहने वाले और मेल-जोल रखने वाले लोग हमेशा प्रसन्न, सफल और स्वस्थ रहते हैं, साथ ही ऐसे लोगों की उम्र भी लंबी होती है।



**थोड़ा-सा मेल-जोल भी लाभकारी:** सवाल यह है कि लंबे समय तक जीने के लिए कितना सामाजिक होना चाहिए। इसके लिए आपको यह समझना होगा, अपने जरूरी काम-काज छोड़कर आपको दोस्तों या समाज के बीच नहीं घूमना है। बहुत ज्यादा नहीं, बस थोड़ा-सा सोशल होना फायदेमंद है। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक बड़े चीनी अध्ययन से इस तथ्य की पुष्टि होती है। वैज्ञानिकों ने 28,000 से अधिक लोगों (औसत आयु 89) के स्वास्थ्य, जीवनशैली की आदतों और सामाजिक गतिविधि का मूल्यांकन किया, जिनके जीवित रहने पर औसतन पांच साल या मृत्यु तक नजर रखी गई थी। पहले पांच वर्षों के भीतर, जितना अधिक लोग सामाजिक थे, वे उतने ही लंबे समय तक जीवित रहे। उक्त समूहों में से प्रत्येक, अपने से पहले वाले से अधिक समय तक जीवित रहा, जो कभी-कभार मासिक, साप्ताहिक या हर दिन सामाजिक होते थे। इनमें से किसी भी समूह के लोग उन लोगों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे, जो बिल्कुल भी सामाजिक नहीं थे। लेकिन हम जानते हैं कि सामाजिकता के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं, जिनमें अकेलापन, अलगाव, डिमेंशिया और दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम का कम होना भी शामिल है। इसलिए अपनी सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे किसी दोस्त को नियमित फोन करना या उसके साथ मिलना-जुलना।

**बहुत खतरनाक है सामाजिक अलगाव:** वैज्ञानिकों का कहना है कि आप चाहे जितना पौष्टिक भोजन लें, लेकिन अकेले और उदास रहते हैं तो आपको सिर्फ अच्छे खान-पान का ज्यादा फायदा नहीं होने वाला। शोध में पाया गया है कि सामाजिक अलगाव के प्रभाव स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। अकेलेपन के नकारात्मक प्रभाव, प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने जितना हानिकारक हो सकते हैं। इससे हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अकेलेपन के लक्षण हमें कोशिकीय स्तर तक भी प्रभावित कर सकते हैं। अकेलापन भावनात्मक तनाव को बढ़ा सकता है, जो हमारी कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में प्रकट होता है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव, हमारे माइटोकॉन्ड्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे माइटोकॉन्ड्रियल डिसफंक्शन हो सकता है। इससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है और उम्र से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि केवल सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने और बनाए रखने से स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है, इससे जीवनकाल बढ़ सकता है। इसके लिए ग्रुप एक्टिविटीज में भाग लेना, ऑनलाइन सोशल सर्किल की खोज करना, आजीवन सीखना और वॉलंटियरिंग करना सक्रिय सामाजिक जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। सामाजिक संबंध और मानसिक स्वास्थ्य भी आपस में जुड़े हुए हैं। अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सबब बन जाता है, जिनमें अवसाद, चिंता और संज्ञानात्मक गिरावट शामिल है।

**जीवन भर खुश रखते हैं करीबी रिश्ते:** हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि हमारे रिश्ते और हम उनमें कितने खुश हैं, इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पैसे या शोहरत से ज्यादा करीबी रिश्ते ही जीवनभर खुश रखते हैं। ये रिश्ते लोगों को जीवन में असंतोष से बचाते हैं, मानसिक और शारीरिक गिरावट को टालने में मदद करते हैं। लोगों से रिश्ते, सामाजिक वर्ग और जीन (वंशानुगत गुणों) की तुलना में भी लंबे और खुशहाल जीवन के बेहतर संकेतक हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि सुखी और समृद्ध जीवन का, परिवार, दोस्तों और सामाजिक संबंधों के साथ एक मजबूत नाता है। यह भी पाया गया कि लोगों के अपने रिश्तों से संतुष्टि का स्तर उनके कोलेस्ट्रॉल के स्तर की तुलना में शारीरिक स्वास्थ्य का एक बेहतर पैमाना होता है।

**इम्यून सिस्टम अधिक मजबूत रहता है:** स्वस्थ, दीर्घायु और खुश रहने के लिए अच्छी नींद, व्यायाम, सही भोजन तो जरूरी है ही, साथ ही समग्र स्वास्थ्य यानी हमारी वेल बीइंग के लिए मानव संपर्क बहुत जरूरी हैं। शोध बताते हैं, दूसरों से जुड़ा हुआ महसूस करने वालों का इम्यून सिस्टम बाकी लोगों की तुलना में अधिक मजबूत रहता है। लेकिन यह जुड़ाव वर्चुअल नहीं रियल होना चाहिए। वैज्ञानिक कहते हैं, चाहे हम खेल रहे हों, खा-पी रहे हों, बात कर रहे हों या प्रियजनों के साथ हंस रहे हों, हम जो संपर्क महसूस करते हैं, वो हमारी जागरूकता को मजबूती से वर्तमान में स्थापित करता है, जबकि अकेले होने पर हम चिंता करते रहते हैं। इसलिए अधिक अकेले समय बिताने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि मिलते-जुलते रहने से खुशी का स्तर बढ़ता है।

**सामाजिक फिटनेस मूड बूस्टर:** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा 85 वर्ष तक एक शोध किया गया। इसमें किशोरावस्था से बुढ़ापे तक के लोग शामिल किए गए। देखा गया कि मजबूत और अच्छे संबंधों वाले लोग, उनके मुकाबले ज्यादा खुश, स्वस्थ और लंबे समय तक जिए, जिनके पास ऐसे संबंध नहीं थे।



### फ्रेंड्स साथ होने के फायदे

**टेंशन से बचाएं:** दोस्तों के साथ वक्त बिताने और हंसी-मजाक करने से स्ट्रेस कम होता है और मूड अच्छा रहता है, यह कई शोध के नतीजों में सामने आ चुका है।

**सफलता दिलाएं:** अपने प्रोफेशनल फील्ड में मित्रों का होना सफलता को आसान और जल्दी संभव कर सकता है। जब आप कुछ करती हैं और आपके मित्रों द्वारा प्रशंसा, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन मिलता है तो आपकी राह आसान हो जाती है।

**बैड हैबिट्स छुड़ाएं:** मित्र अच्छे हों तो आपको कई बुरी आदतों से बचा सकते हैं। मित्र ही बिंदास होकर पूरे हक से आपको बुरी आदतों के बारे में बता सकते हैं।

**अकेलेपन से बचाएं:** अकेलेपन से मित्र ही मुक्ति दिला सकते हैं। उनसे बातचीत करके न सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताया जा सकता है बल्कि मूड भी सही रखा जा सकता है।

# मजबूत रिलेशन-बॉन्डिंग के लिए समझें पुरुषों की भावनात्मक जरूरतें

आम धारणा यही है कि महिलाएं, पुरुषों से अधिक इमोशनल होती हैं। इसका यह मतलब नहीं, पुरुषों की कोई भावनात्मक जरूरत नहीं होती। सच तो यह है, रिश्ता कोई भी हो पुरुषों से मजबूत बॉन्डिंग के लिए आपको उनकी इमोशनल जरूरतों को समझना चाहिए।

रिलेशनशिप

**अंजू जैन**



अकसर पुरुषों के मन में ये सवाल उठते रहते हैं कि कोई हमारे मन की थाह क्यों नहीं लेता? हमारे शरीर में कोई दिल नहीं धड़कता क्या? क्या हमारी कोई भावनाएं नहीं हैं? कोई क्यों नहीं समझता कि हमें भी एक इमोशनल सपोर्ट चाहिए होता है? असल में पुरुषों की भी कुछ भावनात्मक जरूरतें होती हैं, जिन पर कोई बात ही नहीं करना चाहता। विश्व पुरुष दिवस (19 नवंबर) के अवसर पर आपको बता रहे हैं बेहतर रिलेशन के लिए पुरुषों को इमोशनल सपोर्ट देना कितना इंपॉर्टेंट होता है?

**पुरुषों को भी तारीफ चाहिए:** पुरुषों को अकसर टेकेन फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। कई महिलाएं मानती हैं कि घर का सामान लाना, कोई भी झंझट, विवाद हो उससे निपटना, जॉब कर घर खर्च चलाना तो उनका कर्तव्य है, इसके लिए उनकी क्या प्रशंसा की जाए? वे एक्सट्रा वर्क करके, अपनी जरूरतों को कम करके, त्याग करके भी कुछ करते हैं तो कई मामलों में पत्नी या बच्चे उनको थैंक यू तक बोलना जरूरी नहीं समझते, क्योंकि यह मान लिया गया है कि ये तो उनका फर्ज है। यह कभी न भूलें कि भले ही पुरुष इन्हें अपनी जिम्मेदारी और फर्ज समझकर पूरा करते हैं, फिर भी उनके दिल में चाह रहती है कि कोई उनके लिए तारीफ के दो शब्द अवश्य कहे। जब आप समय-समय पर अपने पुरुष साथी की तारीफ करती हैं, तो इससे उन्हें बहुत दिली सुकून मिलता है।

**पुरुषों के शौक में रुचि दिखाएं:** महिलाओं को सजने-संवरने का, मूवी देखने या घूमने फिरने का शौक होता है, यह सब मान लेते हैं। लेकिन पुरुषों के ऐसे किसी शौक में दिलचस्पी लेने को सहज नहीं माना जाता है। उन्हें अकसर परिवार में टोक दिया जाता है कि अरे ये सब छोड़ो परिवार संभालो या ज्यादा इनकम पर ध्यान दो। अच्छी लाइफ के लिए पुरुषों को भी अपने परिवार और जीवनसाथी से शौक पूरे करने का समर्थन मिलना चाहिए।

**उनकी बातें ध्यान से सुनें:** बाहर से भले ही पुरुष खुद को मजबूत दिखाएं लेकिन वे भी चाहते हैं कि कोई उनके मन की थाह ले। वे अपनी भावनाएं, तकलीफ, समस्याएं किसी के साथ साझा करना चाहते हैं। उनको भी सहानुभूति के बोल चाहिए होते हैं और किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जो कह सके कि 'डोंट वरी बी हैप्पी, मैं हूं न।' सुनने का प्रभावी तरीका यह है कि जब वह बोल रहे हों तो आप तब तक खुद को टिप्पणी करने या बोलने से रोक सकती हैं, जब तक वह पूरी बात बोल न लें। बीच में उन्हें न टोकें। इससे उन्हें लगेगा कि आप उनकी बातों को महत्व देती हैं।

**आत्मीय स्पर्श भी है कारगर:** मैथ्यू हसी की पुस्तक 'गेट द गाइ' में वास्तविक और अच्छे पुरुष को खोजने और उसे खुशहाल बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। पुस्तक में कहा गया है कि अधिकांश स्त्रियां हमेशा यही सोचती हैं कि प्यार और स्नेह पर उनका ही हक है। जबकि शारीरिक स्पर्श जैसे गले लगाना, हाथ पकड़ना आदि पुरुषों के लिए भी भावनात्मक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। इस तरह का प्यार भरा स्पर्श ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन को स्रावित करता है, जो जुड़ाव की भावना पैदा करता है।

### उन्हें भी समर्पण चाहिए

अकसर महिलाएं, पुरुषों पर बेवफा होने के आरोप लगाती हैं, लेकिन सभी पुरुष या स्त्री एक जैसे नहीं होते। अपने परिवार और रिश्तों से जुड़ा हुआ पुरुष सदैव अपने परिवार और साथी के प्रति विश्वसनीय और प्रतिबद्ध होता है। ऐसे में वह भी अपने नजदीकी लोगों से समर्पण और प्रतिबद्धता चाहता है। किसी पुरुष की भावनात्मक जरूरतों से जुड़ने का एक तरीका है यह भी है कि आपको पुरुष को यह दिखाना होगा कि उसके प्रति आप भी विश्वसनीय हैं। वाई जोएल वोंग और आरोन बी. रोचलेन ने एक शोध अध्ययन के आधार पर 'डेमिस्टिफाइंग मेंस इमोशनल बिहेवियर' नामक पुस्तक में लिखा है कि अच्छी बॉन्डिंग के लिए महिलाओं को अपने पुरुष साथी की भावनात्मक जरूरतों के बारे में अवश्य जानना चाहिए। यह किताब पुरुषों के भावनात्मक व्यवहार पर प्रकाश डालती है।

आमतौर पर पैरेंट्स यही सोचते हैं कि बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए डांटना और मारना जरूरी है, जबकि बच्चे उनके प्यार से समझाने पर आसानी से उनकी बातें मान सकते हैं।

# बच्चे डांटने-मारने से नहीं प्यार से समझाने पर सीखते हैं सब कुछ

बच्चे और आप

**नीलम अरोड़ा**



बच्चों को कुछ सिखाने के लिए उन्हें डांटने, मारने का तरीका अब पुराना हो चुका है। पुरानी पीढ़ी के पैरेंट्स की यही सोच थी कि बच्चों को सिखाने के लिए उन्हें डांटना, मारना जरूरी है। उस दौर के पिताओं का तो मानना ही था कि बच्चे में माता- पिता का डर होना चाहिए। उनके इस डर के चलते ही वो कोई भी गलत काम करने से पहले एक-दो बार नहीं, बार-बार सोचेंगे। बच्चों को अनुशासन सिखाना हर पैरेंट्स की जिम्मेदारी है। उनको अनुशासन सिखाने के लिए प्यार और पॉजिटिव तरीके से भी अच्छी आदतें डाली जा सकती हैं, क्योंकि जब उन्हें चीजों को प्यार से समझाया जाता है, बिना जबर्दस्ती के तो बच्चों को सही और गलत का अंतर पता चलने लगता है। इससे वे अपने लिए सही रास्ता चुनने की क्षमता अपने भीतर विकसित कर लेते हैं। बच्चों को बिना डांट-फटकार के कैसे अनुशासित बनाएं, जानिए-



**तारीफ करें:** बच्चे को बहुत प्यार से अपने काम करने के लिए आसानी से प्रेरित किया जा सकता है। यदि वह कोई अच्छा काम करता है, समय से अपना होमवर्क करता है, स्कूल से आने के बाद अपना बैग, अपने जूते सही जगह पर रखता है, अपनी यूनिफॉर्म उतारकर हाथ-मुंह धोकर खाना-खाना जैसे दैनिक जीवन के काम अगर वह अपने आप अच्छी तरह करता है तो उसके लिए उसकी पीठ थपथपाएं और उसकी तारीफ करें। क्योंकि तारीफ के छोटे-छोटे शब्द भी बच्चों को अनुशासन सिखाने के लिए मोटिवेट करते हैं। उन्हें जब मां से प्यार और सराहना मिलती है, तो वे बार-बार उसी व्यवहार को दोहराते हैं।

**निर्णय लेने की क्षमता विकसित करें:** अकसर बच्चे अपने पैरेंट्स की कही बात को नहीं मानते। यदि आप उसे किसी बात को करने के लिए कहती हैं तो वह इस ओर ध्यान नहीं देता है। बच्चों के साथ जबर्दस्ती करने के बजाय, उसे उसका निर्णय खुद लेने की छूट दें, जिससे वह एक बार वैसा नहीं करता, जैसा आप कहते हैं, तो जब उसको इसके उल्टे नतीजे मिलते हैं, तो उसमें उस चीज को समझने की अपने विवेक से जो क्षमता आती है, वह उसके लिए बेहद जरूरी है। यानी बच्चे जब अपने फैसलों से कुछ सीखते हैं तो वह सीख उन्हें ताउम्र काम आती है।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** अगर बच्चा बार-बार कोई गलती करता है तो उसे उसके हाल पर छोड़ने के बजाय वह ऐसा क्यों कर रहा है, इस बात की तह तक जाना जरूरी है। अगर आपका बच्चा बार-बार ऐसा करता है तो उसे डांटने की बजाय उस सिचुएशन को समझदारी से हैंडल करें। उसे प्यार से अपने पास बिठाएं, उससे बात करें, इससे वह इमोशंस को समझता है और साथ में जब उसे आपमें भी पॉजिटिव सपोर्ट करने की बात दिखाई देती है, तो उसे खुद ब खुद सही और गलत में अंतर समझ में आ जाता है।

**बच्चे का ध्यान बटाएं:** अगर बच्चा लगातार शरारतें करता है, तो उसका ध्यान उन शरारतों से हटाकर उसकी क्रिएटिविटी को डेवलप करने में लगाएं। आप उसे डायवर्ट करके क्रिएटिविटी का ऑप्शन दे सकती हैं, इस तरह आपके बच्चे को नेगेटिव बिहेवियर से हटाकर पॉजिटिव एक्टिविटी की तरफ ले जाया जा सकता है।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**


# बदलते मौसम में जरूरी बालों की पूरी देखभाल

बदलते मौसम का असर शरीर के साथ-साथ हमारे बालों की सेहत पर भी दिखाई देता है। हवा में नमी के उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव के कारण बाल कमजोर, रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में बाल झड़ने और टूटने जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे मे कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर आप अपने बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बना सकती हैं।

**नियमित करें ऑयल मसाज:** बदलते मौसम में बालों में पोषक तत्व कम होने लगते हैं। इससे बाल ड्राई और वीक होने लगते हैं। ऐसे में हफ्ते में एक या दो बार नारियल, बादाम या आंवला के तेल को हल्का गर्म करके उससे सिर की मालिश करें। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है।

**कंडीशनर का यूज करें:** हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। हर बार शैंपू के बाद कंडीशनर जरूर लगाएं। कंडीशनर बालों में नमी बनाए रखता है, उन्हें मुलायम करता है और उलझने से रोकता है।

**डाइट का ध्यान रखें:** बालों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में प्रोटीन, विटामिन-ई, आयरन और ओमेगा-3 युक्त चीजें शामिल करें। जैसे- अंडे, दालें, नट्स, हरी सब्जियां। जंक फूड और बहुत अधिक तली-भुनी चीजों से दूरी रखें।



**गुनगुने पानी से ही बाल धोएं:** ज्यादा गरम पानी बालों की प्राकृतिक नमी को कम कर देता है। इसलिए बाल धोते समय हमेशा गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। साथ ही शैंपू के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें।

**गीले बालों में कंघी न करें:** गीले बाल बहुत नाजुक हो जाते हैं, इसलिए गीले बालों में कंघी करने से वे ज्यादा टूटने लगते हैं। बालों को थोड़ा सूखने के बाद ही उन पर कंघी का इस्तेमाल करें।

**हीटिंग टूल्स का कम इस्तेमाल करें:** हेयर ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लर जैसे हीटिंग टूल्स बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। बदलते मौसम में जब बाल पहले से ही कमजोर होते हैं, ऐसे में हीटिंग टूल्स का उपयोग करने से बचना चाहिए। ये बालों को और भी ज्यादा ड्राय कर देते हैं।

**हेयर मास्क जरूर लगाएं:** हेयर मास्क बालों को मजबूत और शाइनी बनाते हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ अंतराल पर हेयर मास्क जरूर लगाएं। हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार करें। इसे स्कैल्प और बालों की जड़ों में लगाएं, 30-40 मिनट बाद बालों को धो लें। यह हेयरफाल को कम करने और बालों को मजबूत बनाने में लाभदायक साबित होता है।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. निधि सहाई**

**हेड-डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन**

**मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल एनसीआर**

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और इंफेक्शंस से बचाव के लिए, हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्या खाएं, कब और कैसे खाएं, यह जानना आवश्यक है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# इंफेक्शन से होगा बचाव ऐसे करें इम्यूनिटी बूस्ट

मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल बुखार और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इसका मुख्य कारण है कमजोर इम्यूनिटी यानी शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता होता है। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत हो तो ये बीमारियां आसानी से शरीर को प्रभावित नहीं कर पाती हैं। ऐसे में अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डाइट में कुछ बदलाव कर बॉडी इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं।

**विटामिन-सी युक्त फल:** विटामिन-सी, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण तत्व होता है। यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स को बढ़ाता है और विभिन्न तरह के संक्रमणों से बचाव करता है। विटामिन-सी की जरूरत को पूरा करने के लिए आंवला, संतरा, मौसंबी, नीबू, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, पपीता खाना चाहिए।

**सजेशन:** रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाना इम्यूनिटी बढ़ाने का आसान और असरदार तरीका है।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी, सरसों का साग, ब्रोकली और चौलाई जैसी हरी सब्जियों में विटामिन-ए, बी, आयरन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये शरीर को डिटॉक्स करने के साथ संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं।

**सजेशन:** इन सब्जियों को सूप या स्टर-फ्राई के रूप में शामिल करें, ताकि पोषक तत्व अधिक समय तक सुरक्षित रहें।

**लहसुन-अदरक:** लहसुन और अदरक में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण से बचाते हैं।



**सजेशन:** सुबह गुनगुने पानी में थोड़ा अदरक उबालकर पिएं और भोजन में लहसुन का प्रयोग बढ़ाएं।

**प्रोटीन रिच प्रोडक्ट्स:** प्रोटीन शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है और एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। ये रोगों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजेशन:** अंडा, दालें, चना, राजमा, सोया, पनीर और दही का सेवन करें। हर मील में प्रोटीन का एक स्रोत जरूर शामिल करें।

**दही और छाछ:** दही और छाछ में पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स आंतों को स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ आंतें, मजबूत इम्यून सिस्टम की पहचान हैं।

**सजेशन:** लंच में एक कटोरी दही या एक गिलास छाछ शामिल करें।

**मिलेट्स और साबुत अनाज:** बाजरा, ज्वार, रागी और जौ जैसे अनाज फाइबर, आयरन और जिंक से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं और शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखते हैं।

**हर्बल चाय या काढ़ा:** तुलसी, दालचीनी, अदरक, काली मिर्च और शहद से बनी हर्बल चाय शरीर को अंदर से गर्म रखती है और संक्रमण से बचाव करती है।

**सजेशन:** बदलते मौसम में दिन में कम से कम एक बार हर्बल टी या काढ़ा अवश्य पिएं।

**पानी पर्याप्त मात्रा में:** पानी की कमी से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। गुनगुना पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं।

**ध्यान रखें:** संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और तनाव को नियंत्रित रखकर आप खुद को फिट रख सकती हैं।

**प्रस्तुति: निकिता चौहान**